वर्ष- 21 अंक - 203 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 6 जनवरी 2026








**तिल चतुर्थी आज...**

तिल चतुर्थी के अवसर पर आज इंदौर के बड़ा गणपति और खजराना गणेश का भव्य श्रृंगार किया गया। लड्डूओं का भोग भी लगाया गया और प्रसाद का वितरण भी किया जा रहा है। सुबह से ही श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं बड़ी तादाद में दर्शन करने यहां पहुंच रही हैं और तिल के लड्डू का भोग भी लगा रही हैं।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या

## किराना व्यापारी का मर्डर, 18 दिन में छठा मामला

**ढाका ● एजेंसी**



बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला नरसिंदी जिले का है, जहां किराना व्यापारी मणि चक्रवर्ती की बदमाशों ने हत्या कर दी। यह घटना सोमवार रात को हुई। रोज की तरह मणि चक्रवर्ती अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोग मौके पर पहुंचे और मणि चक्रवर्ती को बचाने की कोशिश करते हुए अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। यह बीते 18 दिनों में हिंदू समुदाय से जुड़ी छठी हत्या बताई जा रही है।

# मप्र में 20 मीटर रह गई विजिबिलिटी

## ट्रेनें 14 घंटे लेट, ठंड-कोहरे का टॉर्चर जारी

**मंगलवार ● एजेंसी**

इंदौर सहित पूरे मध्यप्रदेश में ठंड और कोहरे का कहर जारी है। मप्रके कई इलाकों में आज घने कोहरे के कारण 20 मीटर विजिबिलिटी रह गई। कई ट्रेनें 14 घंटे लेट चल रही हैं। कड़ाके की ठंड के कारण 24 जिलों में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई। उधर कश्मीर में झीलें जमकर बर्फ बन गईं। जबकि हिमाचल में कल की रात सबसे सर्द रात रही। कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण उड़ाने भी प्रभावित हुई हैं। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति और कश्मीर के गुलमर्ग में पारा फ्रीजिंग पॉइंट से 10 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। हिमाचल के कोक्सर में 2 सेंटीमीटर ताजी बर्फबारी हुई, जिससे नदियां और झरने जमने लगे हैं। पहाड़ों पर पानी की धाराएं, सहायक नदियां और झीलें बर्फ में तब्दील हो गई हैं। कश्मीर का पहलगाम भी माइनस 4.8 डिग्री के साथ 'चिल्ला-ए-कलां' की सख्त ठंड झेल रहा है।

# वेनेजुएला में राष्ट्रपति भवन के पास फिर गोलीबारी

## हिंसक झड़प के बीच हवा में नजर आए ड्रोन्स

**काराकस ● एजेंसी**

वेनेजुएला की राजधानी काराकस स्थित राष्ट्रपति भवन के पास सोमवार रात भारी गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। सुरक्षाबलों ने राष्ट्रपति भवन (मिराफ्लोरेस पैलेस) के ऊपर कुछ अज्ञात ड्रोनों को उड़ते देख उन पर गोलियां चलाईं। यह तनावपूर्ण घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 8:00 बजे हुई, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। कुछ इलाकों में इस दौरान बिजली भी गुल हो गई।

# थाईलैंड में भारतीय पर्यटक की चप्पल- जूतों से पिटाई

**पटाया ● एजेंसी**

थाईलैंड के मशहूर पर्यटन स्थल पटाया वॉकिंग स्ट्रीट पर एक भारतीय पर्यटक को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया गया। ट्रांसजेंडर महिला सेक्स वर्कर के एक ग्रुप ने इस भारतीय पर्यटक की जूते-चप्पल से पिटाई की। सेक्स सर्विस कॉस्ट को लेकर हुए विवाद के बाद ट्रांसजेंडर महिला सेक्स वर्कर के एक ग्रुप ने हमला किया। घायल भारतीय नागरिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके चेहरे और सिर के पीछे गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित व्यक्ति की पहचान 52 वर्षीय राज जासूजा के रूप में हुई है।



# उप्र में 2 करोड़ 89 लाख वोटरों के नाम कटे

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट आज जारी होने जा रही हैं। आज प्रदेश के करीब 12.55 करोड़ मतदाताओं की ड्राफ्ट सूची जारी होगी, इस सूची में लगभग 2.89 करोड़ वोटरों के नाम लिस्ट से हटाए गए हैं। इनमें ऐसे लोग शामिल हैं जो स्थानांतरित, अनुपस्थित या मृत मतदाता है।

# ईरान में 35 की मौत, 1200 हिरासत में

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व वाले इस्लामिक शासन के खिलाफ तेहरान सहित कई बड़े शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। सरकार इन प्रदर्शनों को बलपूर्वक दबाने का प्रयास कर रही है। हिंसा में अब तक कम से कम 35 लोगों की मौत और 1200 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं।

# 1300 लोगों के गांव में बने 27 हजार जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र

**जलगांव.एजेंसी।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले के शेंदुरसनी ग्राम पंचायत से अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। गांव की आबादी कुल 1300 ही है लेकिन जन्म और मृत्यु से जुड़े करीब 27,000 प्रमाणपत्र जारी कर दिए गए। वहीं इस खुलासे के बाद सरकार ने इसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है।

# रिश्तों का कत्ल 6 लोगों की हत्या

**मंगलवार.एजेंसी।** प्रयागराज के लोकापुर विशानी गांव में 10 बिस्वा जमीन के लिए बेटे ने पिता, बहन और भांजी की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद तीनों शवों को एक कुएं में फेंक दिया। इसी तरह पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर में 25 साल के युवक यशबीर सिंह ने आर्थिक तंगी के चलते अपनी मां, बहन और नाबालिग भाई को धतूरा (एक जहरीला पौधा) मिला हुआ लड्डू खिलाकर मार डाला और बाद में पुलिस स्टेशन में अपना जुर्म कबूल कर लिया।



# सुरेश कलमाड़ी नहीं रहे

**पुणे.एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के सीनियर नेता सुरेश कलमाड़ी का आज सुबह 81 साल की उम्र में निधन हो गया। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार पुणे के वैकुंठ धाम श्मशान घाट में दोपहर 3 बजे किया जाएगा। 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स भ्रष्टाचार मामले को लेकर अप्रैल 2011 में गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से सस्पेंड कर दिया था।



# दूसरी शादी करेंगे शिखर धवन

**मंगलवार.एजेंसी।** इंडियन क्रिकेट के गब्बर कहे जाने वाले धवन अपनी गर्लफ्रेंड और आयलैंड की मॉडल सोफी शाइन से जल्द शादी करने वाले हैं। फरवरी में दोनों कपल शादी करने वाले हैं। इसके लिए शानदार सेलिब्रेशन फरवरी के तीसरे हफ्ते में दिल्ली-NCR में होंगे। इससे पहले शिखर की शादी ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली आयशा से हुई थी, बाद में इनका तलाक हो गया था।

# भागीरथपुरा हादसा भाजपा नेताओं के अहंकार के कारण- कांग्रेस सहप्रभारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भागीरथपुरा के मुद्दे को कांग्रेस किसी भी हालत में छोड़ना नहीं चाहती है, अब शहर के बाद जिला कांग्रेस भी इस मुद्दे पर सजग है, जहां जिला कांग्रेस ने कल संगठन मजबूती के लिए बैठक बुलाई थी, जिसमें ग्राम समितियों के गठन पर भी चर्चा की गई। इधर कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू ने जिला कांग्रेस की बैठक में शिरकत की और उद्बोधन में कहा कि भागीरथपुरा जैसा हादसा भाजपा नेताओं के अहंकार के कारण हुआ है। देश-प्रदेश के साथ इंदौर की निगम भाजपा परिषद में भी जनविरोधी नीतिया अपनाई जा रही है, जिससे आमजन परेशान है। नायडू ने कहा कि भागीरथपुरा में जहरीला पानी पीने से 17 लोगों की मौत हुई है यह घटना छोटी नहीं है। इस घटना ने पूरे प्रदेश को देश भर में शर्मशार किया है। इसके लिए जिम्मेदार भाजपा की सरकार और परिषद है। खासतौर से नायडू ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव और क्षेत्रीय पार्षद का जिक्र किया और उनसे अपने पद पर नहीं रहते हुए इस्तीफे की मांग भी की। नायडू ने कहा कि इस घटना के विरोध में कांग्रेस 11 जनवरी को न्याय यात्रा निकालेगी और उसके लिए हमें एतिहासिक काम करना चाहिए। जिला अध्यक्ष




## कल हुई जिला कांग्रेस की बैठक

विपिन वानखेड़े ने कहा कि यह बैठक तीन मुद्दे पर हुई, जिसमें ग्राम स्तर पर समितियों का गठन, मतदाता सूची का गहन परीक्षण एवं भागीरथपुरा में हुए हादसे को लेकर 11 जनवरी को निकाली जा रही न्याय यात्रा को लेकर रखी गई है। हमने प्रभारी जी के मार्गदर्शन से तय किया है कि ग्राम समिति में पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों को प्रभारी के रुप में शामिल किया जाएगा। संगठन महामंत्री दौलत पटेल ने जानकारी कांग्रेसियों को दी और कहा कि राऊ और महू विधानसभा में आज मंगलवार को जीतू पटवारी और उषा नायडू कांग्रेसजनों से मुलाकात करेंगे और वहां बूथ चलो गांव चलो अभियान के तहत पंचायत समिति के गठन की शुरूआत करेंगे। राधेश्याम पटेल, सदाशिव यादव, गजेंद्रसिंह सिसोदिया, मनोज गौतम, राकेश पाटीदार, प्रभुलाल राठौर, वरुण क्षत्रिय, मोती पटेल, राधेश्याम मुवेल, दिनेश मल्हार सहित अन्य कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।



## किसान, मजदूर, आदिवासियों की मांग पर धरना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

किसान, मजदूर, आदिवासियों की समस्या और उनकी मांग को लेकर डॉ. आम्बेडकर नगरी महू के ड्रीमलेंड चौराहा पर माकपा ने धरना-प्रदर्शन किया, सभा भी हुई। मनरेगा से लेकर भावांतर, रोजगार, गारंटी योजना सहित अन्य मुद्दे भी उठाए गए। तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन भी किया गया, 13 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री, संभाग आयुक्त और कलेक्टर के नाम दिया गया। 15 दिनों में मांग पत्र पूरा नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई। अरुण चौहान, अर्जुनसिंह बरिया, चुन्नी भूरिया, काशीराम नायक, अजय बूनदेड, कन्हैयालाल भूरिया, अयोध्या, राजू जरिया, नारायण कोहली, शारदा बामनिया, सीताराम अहीरवाल, भारत सिंह कटारे, ममता सोलंकी, पहलाद बामनिया, राधेश्याम डाबर, मुकेश गिरवाल, रमेश चौहान, हीरा कोरी, मुन्नी बामनिया मौजूद थे।

## वाजपेयी कॉलेज के निर्माण पर उठीं अंगुलियां

### कहा- पहले पायल खोदकर ही चलाया जा रहा था काम, आपत्ति हुई तो डोबरे खोदना हुए शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आटर्स एंड कॉमर्स अटल बिहारी वाजपेयी कॉलेज भंवरकुआं परिसर में 41 लाख की लागत से विद्यार्थी सहायता केन्द्र बनाने की स्वीकृति के बाद से ही अंगुलियां उठने लगी थी। प्रारंभिक दौर में ही जो काम नींव से मजबूत किया जाना था उसी को कमजोर कड़ी के रूप में उठाया तो अंगुलियां उठने लगी। सूत्रों का कहना है कि पहले यहां पायल खोदकर पतले सरिये डालकर नींव खड़ी करने का काम शुरू हुआ। इस पर आपत्तियां भी उठने लगी और विद्यार्थियों ने भी आपत्ति ली। उसी के बाद भवन निर्माण में सुधार की बात दिखाई देने लगी। कॉलेज सूत्रों के मुताबिक जनभागीदारी मद से पिछले साल भोपाल से लगभग 41 लाख की मंजूरी मिलते ही कालेज प्रबंधन की ओर से यहां 3 कमरे के निर्माण की योजना बनाई, जिसमें कैरियर मार्गदर्शन से लेकर भारतीय कला केंद्र और हिंदी ज्ञान काउंटर आदि विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराने की व्यवस्था के तहत निर्माण की शुरुआत भवन की थी। इसमें विद्यार्थियों को एक ही भवन में स्कॉलरशिप से लेकर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी, ऐसा कहा जा रहा है। उक्त भवन की शुरुआत हुई तो मिलीभगत से पायल यानी कमजोर नींव से भवन की शुरुआत की, लेकिन मामला उजागर होने और काफी विरोध हुआ तब कहीं



जाकर यहाँ भवन निर्माण के लिए डोबरे खुदना चालू हुए हैं। अब इसे व्यवस्थित भवन निर्माण किया जाएगा। यह कालेज की ओर से भी कहा जा रहा है। लाखों रुपये अभी से खर्च कर दिये हैं और पायल से ही निर्माण करने जा रहे थे। हालांकि विद्यार्थी सहायता केन्द्र एक बेहतर विकल्प माना जा रहा है लेकिन इस भवन का निर्माण पारदर्शिता और बेहतर ढंग से हो, यह सभी विद्यार्थी भी चाह रहे हैं इसलिए अब इसके काम की शुरुआत हो चुकी है। इस भवन में अभिभावकों के बैठने की व्यवस्था भी करेंगे ताकि अभिभावक बच्चों के एडमिशन आदि काम के लिए जब आते हैं तो परेशान होते हैं। अब कर्ताधर्ताओं का कहना है कि भवन मजबूत बने इसका प्रयास किया जा रहा है। यहाँ पर कई सुविधाएं बच्चों के लिए रहेंगी। खासकर विद्यार्थी सहायता केन्द्र रहेगा ताकि यहाँ विद्यार्थियों को सभी जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। इस मामले में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की भी निगाह लगी हुई है और मामला छात्र नेताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचाया था तब जाकर यह मामला सही रास्ते पर आता दिख रहा है।

## कांग्रेस ने की कल कई घंटों की मैराथान बैठक

### आज वरिष्ठ नेताओं के साथ भागीरथपुरा का दौरा और शाम को हर वार्ड में कैंडल मार्च पर हुई चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस ने कल दोपहर से लेकर शाम तक कई घंटों की मैराथान बैठक अलग-अलग ली। ब्लॉक अध्यक्ष के साथ वार्ड प्रभारी की भी बैठक कल गांधी भवन में की गई। वहीं मोर्चा संगठनों की भी बैठक ली गई। 11 जनवरी को बड़ा गणपति से होने वाली यात्रा को लेकर कांग्रेस ने 10 हजार से अधिक कांग्रेसियों का लक्ष्य बनाया है। इस मुद्दे पर खासतौर से सभी से चर्चा हुई, साथ में आज दोपहर 12.30 बजे भागीरथपुरा में भी कांग्रेसी पहुंचे। वहीं आज शाम 6 बजे शहरी क्षेत्र के 85 ही वार्डों में कैंडल मार्च निकाले जाएंगे और वार्ड के प्रमुख चौराहों पर भागीरथपुरा में जहरीले पानी पीने से हादसों में मृतक 17 लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। 85 ही वार्डों के इन चौराहों पर कांग्रेस इन 17 मृतकों के चित्र भी बैनर

### यात्रा को लेकर भी की गई बातचीत



पर लगाएगी और श्रद्धांजलि भी इस दौरान हर वार्ड के प्रमुख चौराहों पर दी जाएगी। एक स्वर से सभी ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पार्षद कमल वाघेला के इस्तीफे की मांग की। बैठक में चिंटू चौकसे, उषा नायडू, संजीव सक्सेना, सज्जनसिंह वर्मा, शोभा ओझा, विपिन वानखेड़े, संजय बाकलीवाल, इम्तियाज बेलिम, देवेन्द्रसिंह यादव मौजूद रहेंगे। सभी वरिष्ठ नेताओं को उनके गृह क्षेत्र के वार्ड की जिम्मेदारी दी गई है। इनमें कई वरिष्ठ नेता भी कल बैठक में मौजूद रहे।

## भाजपा नेता ने कराया अस्पताल का बिल कम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नेता और इंदौर हॉस्पिटल पीड़ित परिवार संघ के जीतू कुशवाह ने फिर एक पीड़ित की अस्पताल में राशि कम कराकर मदद की। मोती तबेला क्षेत्र के एक पीड़ित को सीने में दर्द के बाद सुयोग हास्पिटल में एडमिट कराया गया था। बिल बढ़ा तो युवक की छुट्टी की बात अस्पताल में हुई। अस्पताल ने 45 हजार रु. का बिल थमा दिया और कहा कि बिल जमा कराओ तभी डिस्चार्ज होंगे। मोती तबेला निवासी इस स्थिति में नहीं थे कि वे बिल भरते, उन्होंने तत्काल भाजपा नेता संजय कोशिक की मदद से जीतू कुशवाह को फोन लगवाया, कुशवाह ने अस्पताल पहुंचकर 17 हजार का बिल कम करवाया और पेशेंट को भी छुट्टी कराई।

# उमंग सिंघार और पटवारी के साथ कांग्रेसी पहुंच रहे हैं भागीरथपुरा

**विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की मौजूदगी से कांग्रेसियों में उत्साह, पीड़ितों से मुलाकात के बाद अस्पताल भी जाएंगे कांग्रेस नेता**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस से लेकर शहर और जिला की कांग्रेस भी अब भागीरथपुरा में हुई जहरीले पानी पीने से 17 निर्दोष लोगों की मृत्यु पर चुप नहीं बैठ रही है। लगातार कांग्रेस कुछ ना कुछ गतिविधि जारी रखे हुए हैं। विगत दिनों प्रदेश कांग्रेस की कमेटी को भाजपाइयों ने आगे नहीं बढ़ने दिया था, जिसमें दो विधायक, पूर्व मंत्री के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेसी भी थे। अब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे, संजय बाकलीवाल और विधानसभाओं के प्रभारी के अलावा प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू भी आज दोपहर 12.30 बजे भागीरथपुरा पहुंच रही हैं। चिंटू चौकसे ने भागीरथपुरा जाने के पहले आज सुबह 11.30 बजे चौकसे धर्मशाला परदेशीपुरा में एकत्रीकरण का रखा है। बकायदा इसके लिए कांग्रेसियों ने सोशल मीडिया पर जमकर प्रचार-प्रसार किया था। दो बड़े नेताओं की मौजूदगी से आज फिर से माहौल भागीरथपुरा में गर्म होने की संभावना है। पुलिस खुफिया तंत्र ने भी कल इसकी जानकारी जुटाई थी कि अंदाजन कितने कांग्रेसी एकत्रित हो जाएंगे, वहीं पुलिस 11 जनवरी को होने वाली बड़ा गणपति की यात्रा को लेकर भी अलर्ट है और संख्या का अनुमान कांग्रेसियों से पुलिस लगवा रही है। इधर आज कांग्रेस के बड़े नेताओं की मौजूदगी में सभी पीड़ित परिवार से भी मिलेंगे, मृतकों के घर भी जाएंगे। वहीं चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय और अन्य अस्पतालों में भर्ती मरीजों से भी मुलाकात का समय दोपहर 2 बजे का रखा गया है उसमें भी जीतू पटवारी और अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद रहेंगे।

# भागीरथपुरा में पानी-ड्रेनेज लाइन निरीक्षण का सिलसिला जारी





**हर सुबह प्रशासनिक अधिकारियों की टीम सबसे पहले पहुंचती है भागीरथपुरा**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भागीरथपुरा में पानी और ड्रेनेज की लाइन के निरीक्षण का सिलसिला जारी है। हर सुबह प्रशासनिक अधिकारियों की टीम सबसे पहले भागीरथपुरा पहुंचती है।

कलेक्टर शिवम वर्मा एवं निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा प्रातः भागीरथपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में रिंग सर्वे के तहत लगातार कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र से लगातार सैंपल कलेक्शन किया जा रहा है और इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है। क्षेत्र में लगातार जिला एवं निगम प्रशासन की टीम द्वारा नागरिकों को पानी उबाल कर एवं छानकर पीने के लिए समझाइश दी जा रही है। क्षेत्र में लगातार पानी के टैंकर से पानी का वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार क्षेत्र से निकलने वाले प्रभावितों का उपचार कार्य किया जा रहा है, इसके लिए जिला प्रशासन, निगम प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार कार्य किया जा रहा है।



आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान निगम द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल टैंकर के माध्यम से जल वितरण कार्यों का अवलोकन किया। इसके साथ इस क्षेत्र में लीकेज संबंधी किये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए। इसके साथ ही निगम द्वारा बनाई गई 32 बीट के माध्यम से भी भागीरथपुरा के प्रत्येक क्षेत्र में दूषित जल पर नियंत्रण, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति तथा संपूर्ण क्षेत्र में सफाई अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई।

## भागीरथपुरा में मेला

भागीरथपुरा में सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों का मेला लग गया है। सुबह से लेकर रात तक यहां पर बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी पहुंचकर व्यवस्था संभालने का कार्य कर रहे हैं। इन अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर अलग-अलग विभाग के कर्मचारी लगाकर घर-घर सर्वे करवाने का काम भी किया जा रहा है। इसके साथ ही पानी को साफ करने के लिए पानी में मिलाई जाने वाली दवाई का वितरण भी घर-घर कराया जा रहा है। इस छोटे से क्षेत्र में करीब 400 तो स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ही लगे हुए हैं जो की एक-एक गली में जाकर एक-एक घर पर दवाई बांटने का काम कर रहे हैं।

## लाइन डालने का काम तेजी से जारी

भागीरथपुरा में ड्रेनेज की नई लाइन डालने का काम भी तेज गति के साथ शुरू हो गया है। हाल ही में निलंबित किए गए अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया ने जो फाइल रोक रखी थी वह फाइल भागीरथपुरा में लोगों के बीमार होने के बाद मंजूर होकर बाहर निकली। अब इस फाइल में जो प्रस्तावित कार्य था वह कार्य भागीरथपुरा में शुरू हो गया है। भागीरथपुरा में मेन रोड से लेकर पुलिस चौकी की तरफ आने वाले रास्ते की तरफ ड्रेनेज की लाइन डालने के लिए सड़क की खुदाई की जा रही है। इसके साथ ही ड्रेनेज चैम्बर से पाइप को जोड़ने का काम भी तेज गति के साथ चल रहा है। पूरे भागीरथ पुरा क्षेत्र में इस समय पांच जेसीबी काम कर रही है।

## आशा-उषा कार्यकर्ता भी मैदान में

इसके साथ ही भागीरथपुरा क्षेत्र में आशा कार्यकर्ता और उषा कार्यकर्ता को भी कल से मैदान में उतार दिया गया है। यह कार्यकर्ता मरीज ढूंढने का काम और परिवार के लोगों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं। इन कार्यकर्ताओं की टीम कल पूरे भागीरथपुरा क्षेत्र में भ्रमण करने में लगी हुई थी। इसके साथ ही उनके अधिकारी भी वहां पर पूरे समय मौजूद रहकर टीम को काम करने के लिए दिशा निर्देश दे रहे हैं।

# राहुल गांधी इंदौर आएंगे या नहीं वह तीन दिन बाद पता पड़ेगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 11 जनवरी को बड़ा गणपति से निकलने वाली न्याय यात्रा में शामिल हो जाए। यह यात्रा भागीरथपुरा में हुई 17 निर्दोष लोगों की मौत के बाद कांग्रेस न्याय यात्रा बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक निकाले जा रही है। कांग्रेस क़ा प्रयास है कि इस यात्रा में राहुल गांधी शामिल हो जाए और साथ में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह सहित प्रदेश भर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी शामिल हो जाए। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पूर्व जीतू पटवारी ने कहा था कि राहुल गांधी उनसे 2 से 3 बार भागीरथपुरा मामले में बात कर रहे हैं और इसी बीच पटवारी ने राहुल गांधी को यात्रा की जानकारी देकर इंदौर के लिए आमंत्रित किया है। इस पूरे मामले में राहुल गांधी के आने की स्थिति 9 जनवरी को स्पष्ट होगी कि वे आएंगे या नहीं। अभी तो कांग्रेसियों ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के आने की खबर चला रखी है। वहीं हरीश चौधरी, जीतू पटवारी, दिग्विजय सिंह और प्रदेश के सहप्रभारियों और प्रदेश के कई विधायकों के आने की संभावना जताई जा रही है। प्रदेश भर के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्षों को भी इस रैली के लिए निर्देशित किया गया है।

# भागीरथपुरा में कामकाज से गायब हो गए सारे नेता

**कांग्रेस के विरोध के लिए ही मैदान में पहुंच रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भागीरथपुरा क्षेत्र में जनता को राहत पहुंचाने के लिए किए जा रहे कामकाज से सारे नेता गायब हो गए हैं। भाजपा के कार्यकर्ता भी केवल उस समय पर पहुंच रहे हैं जब कांग्रेस के नेता वहां पर आने वाले होते हैं।

भागीरथपुरा में जब मामले का खुलासा हुआ तो उस समय पर भाजपा के द्वारा यह दावा किया गया कि हम अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता को राहत देने का काम करेंगे। हर अस्पताल पर हमारे कार्यकर्ताओं की टीम तैनात रहेगी। हमारी टीम इस बात पर नजर रखेगी की कहीं अस्पताल के संचालक के द्वारा नागरिकों से पैसे वसूली तो नहीं की जा रही है। इसके साथ ही हम इस बात पर भी ध्यान देंगे की नागरिकों को अस्पताल में सही और पर्याप्त उपचार मिल सके।

यह दावा तो भाजपा के द्वारा किया गया था लेकिन हकीकत में इस दावे का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। इस समय स्थिति यह है कि भागीरथपुरा से पूरी तरह से राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता गायब है। भाजपा के कार्यकर्ता नजर नहीं आ रहे हैं तो कांग्रेस के कार्यकर्ता तो इस तरह के काम के लिए मैदान में होते ही नहीं हैं। जब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त की गई जांच टीम भागीरथपुरा में गई थी तो उस समय पर इस टीम का विरोध करने के लिए जरूर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंच गए थे। उसके बाद से यह कार्यकर्ता नजर नहीं आ रहे हैं।

## पार्षद कमल वाघेला को मिल चुका है बेस्ट पार्षद का अवार्ड

**कांग्रेसी और भागीरथपुरा के कई लोग चला रहे हैं मुद्दा, इन्हीं के क्षेत्र में हुई मौतों की घटना**



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। महापौर पुष्यमित्र भार्गव विधानसभा 1 के वार्ड 11 के पार्षद कमल वाघेला को बेस्ट पार्षद का अवार्ड देकर सम्मानित कर चुके हैं और इन्हीं कमल वाघेला के वार्ड में भागीरथपुरा आता है, जिसमें 17 मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग उपचार करा चुके है और अभी भी कई लोग उपचाररत है। कांग्रेसी और भागीरथपुरा के कई लोग सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को चला रहे हैं जिन्हें बेस्ट पार्षद का अवार्ड मिला उन्हीं पार्षद के क्षेत्र में ड्रेनेज समस्या हल नहीं हुई और वहां दूषित जल से 17 मृत्यु हो गई। सोशल मीडिया पर इन दिनों मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पार्षद कमल वाघेला चर्चा में बने हुए हैं और इनके इस्तीफे की मांग भी लगातार कांग्रेसी कर रहे हैं।

# एटीएम कार्ड बदलने वाले गिरोह का बड़ा खुलासा

## पकड़े गए बदमाशों ने कबूलीं दो और वारदातें, 86 साल के बुजुर्ग को बनाया था शिकार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**परदेशीपुरा पुलिस की गिरफ्त में आए शातिर एटीएम फ्रॉड गिरोह ने पूछताछ में दो अन्य बड़ी वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। भिंड और उत्तर प्रदेश के इन बदमाशों ने परदेशीपुरा के अलावा विजय नगर इलाके में भी बुजुर्गों को अपना निशाना बनाया था। अब पुलिस इनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने के लिए भिंड और यूपी पुलिस से संपर्क कर रही है।**

बीते 2 जनवरी को नंदा नगर स्थित एसबीआई एटीएम पर सत्यम विहार निवासी राजेश जोशी के साथ 55 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई थी।सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने रोहित भदौरिया निवासी भिंड, हर्षवर्धन सिंह चौहान निवासी मैनपुरी, उप्र और अंकित सिंह परिहार निवासी मैनपुरी, उप्र को बिना नंबर की बाइक के साथ दबोचा था।थाना प्रभारी आर.डी. कानवा की टीम द्वारा रिमांड के दौरान की गई सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 2 अक्टूबर 2025 को विजय नगर क्षेत्र में भी वारदात की थी। आरोपियों ने स्कीम नंबर 54 स्थित एसबीआई की भमौरी ब्रांच के एटीएम में 86 वर्षीय बुजुर्ग जगदीश लाल पाल का पिन नंबर चोरी-छिपे देख लिया और चालाकी से उनका कार्ड बदल दिया। बुजुर्ग के जाने के बाद बदमाशों ने उनके खाते से 40 हजार रुपये पार कर दिए थे।

### यूपी और भिंड से जुटाए जा रहे रिकॉर्ड

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय हो सकता है। पकड़े गए आरोपी उत्तर प्रदेश और भिंड के रहने वाले हैं, इसलिए संबंधित राज्यों की पुलिस को इनके फिंगरप्रिंट और फोटो भेजे गए हैं। पुलिस को अंदेशा है कि शहर के अन्य एटीएम पर हुई वारदातों में भी इसी गिरोह का हाथ हो सकता है।



## विधायक हार्डिया ने किया फुले स्मारिका का विमोचन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सत्य शोधक समाज अंतराष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव यादव काका ने बताया कि सावित्रीदेवी फुले की जयंती पर स्मारिका का विमोचन किया गया। विधायक महेन्द्र हार्डिया, उ.प्र. के पूर्व मंत्री तरुण शाक्य, कांग्रेस नेता ओम सिलावट, नीतेश राजौरिया एवं रामकिशन महाराज, हुकुमचंद जादम सैनी, रामचन्द्र सैनी सहित अन्य मौजूद थे।

## सब्जी दुकान में सेंधमारी शटर तोड़कर गल्ले से नकदी ले उड़े चोर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**लसूड़िया थाना क्षेत्र के बीसीएम प्लानेट जैसे व्यस्त इलाके के सामने स्थित एक सब्जी दुकान को चोरों ने निशाना बनाया और शटर का हिस्सा तोड़कर गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।**

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, घटना न्यू गौरी नगर निवासी कैलाश चौरसिया पिता परमानंद चौरसिया की दुकान पर हुई। फरियादी की बीसीएम प्लानेट के सामने सब्जी की दुकान है। कल रात जब दुकान बंद थी, तब अज्ञात बदमाशों ने शटर के पास वाले हिस्से को औजार से तोड़कर अंदर जाने का रास्ता बनाया और गल्ले में रखी नगदी लेकर रफूचक्कर हो गए।जिस इलाके में यह चोरी हुई है, वह काफी व्यस्त रहता है। रात के समय हुई इस सेंधमारी से क्षेत्र के व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल है। फरियादी कैलाश ने सुबह जब दुकान का टूटा हुआ हिस्सा देखा, तो तत्काल पुलिस को सूचना दी।लसूड़िया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम दुकान के आसपास और सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज निकाल रही है, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

## ट्रक के अचानक ब्रेक मारने से पीछे घुसी बाइक
### इंदौर के पेंटर की मौत, भतीजा गंभीर घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शाजापुर जा रहे बाइक सवार दो लोग एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए। तराना क्षेत्र में टोल टैक्स के पास आगे चल रहे ट्रक द्वारा अचानक ब्रेक मारने के कारण पीछे से आ रहे बाइक सवार ट्रक में जा घुसे। इस दर्दनाक हादसे में इंदौर के एक पेंटर की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल है।**

इंदौर के कबीट खेड़ी निवासी दिनेश पिता जगदीश यादव (41) अपने भतीजे अमन के साथ मोटरसाइकिल से शाजापुर जा रहे थे। तराना क्षेत्र में टोल टैक्स से कुछ ही दूरी पहले उनके आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक मार दिए। गति तेज होने के कारण दिनेश अपनी बाइक पर नियंत्रण नहीं रख पाए और मोटरसाइकिल सीधे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे।

### इलाज के दौरान तोड़ा दम

घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों को तत्काल इंदौर के एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। यहां इलाज के दौरान दिनेश यादव ने दम तोड़ दिया। वहीं, उनके भतीजे अमन की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है।

## खजराना में तिल चतुर्थी मेला शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

### भगवान को लगाए लड्डू भोग प्रसाद का वितरण शुरू

आज तिल चतुर्थी है और मातृशक्तियां आज सुबह से परिवार और पति की खुशहाली के लिए व्रत रखे हुए हैं और आज गणेश मंदिरों में आस्था की दरकार भी श्रद्धालु लेकर पहुंच रहे हैं। खजराना गणेश के अलावा बड़ा गणपति मंदिर, छोटा गणपति मंदिर मल्हारगंज और जूनी इंदौर प्राचीन गणेश मंदिर में भी आज भीड़ है। खजराना गणेश मंदिर में तो अलसुबह से श्रद्धालु कतारबद्ध नजर आए और बप्पा की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु प्रयासरत रहे। खजराना गणेश बाबा को लड्डुओं का भोग भी लगाया गया और उसके बाद लड्डुओं के प्रसाद का वितरण भी शुरू किया गया। कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल भी पूजा अर्चना करने पहुंचे और मेले की शुरूआत कराई। शिखर पर नया ध्वज भी अर्पण किया गया। प्रबंधक घनश्याम शुक्ला, पुजारी अशोक भट्ट, पुनीत, जयपाल, धर्मेन्द्र भट्ट, अरविंद बागड़ी, गौरीशंकर मिश्रा, आकाश वर्मा, दिनेश सहित अन्य मौजूद थे। खजराना मेला तीन दिनों तक चलेगा। इसके लिए यातायात पुलिस ने भी चाकचौबंद व्यवस्था की है।

## शराबी पति ने पत्नी को पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**चंदन नगर थाना क्षेत्र के ग्राम कलारिया में घरेलू हिंसा का एक शर्मनाक मामला सामने आया है। यहाँ एक नकारा और शराबी पति ने अपनी पत्नी के साथ न केवल मारपीट की, बाल्कि उसे घर से बाहर निकलने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।**

पुलिस के मुताबिक, घटना ग्राम कलारिया की है। पीड़िता रूपा पति जगदीश पंवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पति जगदीश शराब पीने का आदी है। वह कोई काम-धंधा नहीं करता है और न ही घर खर्च के लिए पैसे देता है। नशे की लत के कारण वह अक्सर घर में विवाद और उत्पात मचाता रहता है।रूपा ने पुलिस को बताया कि कल जब वह घर का कामकाज कर रही थी, तभी जगदीश शराब के नशे में धुत होकर आया और अचानक चिल्लाने लगा कि 'तू इस घर से निकल जा।' जब रूपा ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने गालियां देते हुए उसे लात-घूंसों से जमकर पीटा। हमले में महिला को शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान आरोपी ने धमकाया कि 'अगर दोबारा इस घर में कदम रखा या यहीं रही, तो जान से खत्म कर दूंगा।' डरी-सहमी पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर चंदन नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी जगदीश पंवार के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दास बगीची से निकलने वाली चरण पादुका पालकी यात्रा की तैयारियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्रीदास हनुमान बगीची जय सियाराम बाबा धाम ट्रस्ट, पिलियाखाल एरोड्रम रोड पर 11 जनवरी को यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पुजारी देवेन्द्र तिवारी, वीरेन्द्र गुप्ता, आनन्द गर्ग ने बताया कि जय सियाराम बाबा चरण पादुका पालकी यात्रा 11 जनवरी को दोपहर 3 बजे दास बगीची से निकाली जाएगी, जो बड़ा गणपति से मल्हारगंज, लोहारपट्टी, अंतिम चौराहा, भूतेश्वर मंदिर होते हुए वापस दास बगीची पहुंचेगी, रास्ते में कई जगह बाबा की चरण पादुका और पालकी का श्रद्धालु स्वागत करेंगे। यात्रा में जय-जय सियाराम के उद्घोष भी लगेंगे।

# इंदौर के पास नहीं है ड्रेनेज और वॉटर सप्लाई लाइन का मैप

## पार्षद जहां बोले वहां डाल दी जाती है ड्रेनेज-नर्मदा लाइनें

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर सहित देश भर के 90% शहर ऐसे हैं जहां पर ड्रेनेज और पेयजल लाइन के नक्शे नहीं है। यह लाइन केवल पार्षद और अभियानों का टारगेट पूरा करने के लिए मनमाने तरीके से डाली जाती है। ठेकेदार भी केवल अपना काम पूरा करने की दृष्टि से एक के ऊपर एक लाइनों को डाल देते हैं, जिसका परिणाम भागीरथपुरा जैसे लापरवाही पूर्ण घटनाक्रम के रूप में सामने आता है। इंदौर शहर किसी प्लानिंग से नहीं बसा था। होलकर कॉल में जरूर यह करने का प्रयास किया गया था। लेकिन क्रमबद्ध रूप से अलग-अलग क्षेत्र में इंदौर बढ़ता रहा और यहां ड्रेनेज से लेकर स्ट्राम वाटर लाइन तक डाली जाती रही।

नगर निगम जल यंत्रालय में ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं रखा गया है जिससे शहर की प्रत्येक लाइन का पता चल सके कौन सी लाइन किस समय में डाली गई थी और कहां से कहां तक डाली गई, किस अभियान के तहत और कौन सी योजना में लाइन डालने का खर्च प्राप्त हुआ इसका भी रिकॉर्ड मिलना मुश्किल है। इंदौर शहर का विस्तार नगर निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा मिलकर किया गया है। प्राधिकरण की विभिन्न स्कीमों में ड्रेनेज और वाटर सप्लाई लाइन आईडीए द्वारा डाली गई है, प्राधिकरण अपनी स्कीम नगर निगम को हैंड ओवर सभी दस्तावेज एवं लाइनों के नक्शे नगर निगम के हवाले करता है इसके बाद इन स्कीमों में जलमल प्रबंधन की जिम्मेदारी निगम की होती है। इसी प्रकार प्राइवेट बिल्डरों द्वारा बनाई गई कॉलोनियां भी नगर निगम को हैंड ओवर कर दी जाती है। इसके बावजूद भी नगर निगम के पास शहर में डाली गई लगभग 1200 किलोमीटर लाइनों का कोई नक्शा नहीं है।

इंदौर शहर की 90% कॉलोनी में पार्षद एवं जोन अधिकारी द्वारा मिलकर ड्रेनेज लाइन डालने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाते हैं, पार्षद 5 साल तो जोन अधिकारी एक दो साल में बदल दिए जाते हैं, ऐसी स्थिति में नर्मदा के पेयजल और ड्रेनेज की लाइनों का लेवल एवं दूरी बगैर तकनीकी जांच के डाली जाती है। हकीकत यह है कि लाइन डालने के दौरान अगर कोई दूसरी पाइपलाइन लीकेज होती है तो उस पर भी ध्यान नहीं दिया जाता। इसके अलावा 20 से 30 साल पहले डाली गई लाइन को लेकर कोई अध्ययन नहीं किया जाता। वर्तमान में यही हालात भागीरथपुरा में बने हुए हैं जिसके कारण किसी को भी यह समझ नहीं आ रहा है कौन सी लाइन किस गली से कितनी दूरी तक डाली गई है आखिरकार गंदा पानी नर्मदा पेयजल की लाइन में कैसे मिल रहा है, एक सप्ताह बाद भी नगर निगम के पास इसका कोई जवाब नहीं है, लगातार लाइनों का सर्वे किया जा रहा है। बताया जाता है कि 1988 से 1990 के बीच में भागीरथपुरा में नर्मदा लाइन डाली गई थी।

पूर्व नगर निगम जलकार्य समिति प्रभारी बलराम वर्मा ने बताया कि उनके द्वारा नर्मदा और ड्रेनेज लाइन के नक्शे का डिजिटल रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया गया लेकिन नगर निगम में यह रिकॉर्ड मिलन मुश्किल हो रहा था। समय-समय पर नगर निगम की सीमा बढ़ती गई पंचायत और प्राधिकरण द्वारा विकसित की गई कालोनियां नगर निगम की सीमा में आती गई लेकिन ड्रेनेज और वाटर सप्लाई लाइनों का रिकॉर्ड नहीं मिल पाया। कई लाइन पंचायत के समय की डाली गई। एक ही वार्ड में बोरिंग नर्मदा और ड्रेनेज की लाइन है जब कोई लाइन लीकेज होती है तो उसके सुधार के लिए नई लाइन डाली जाती है या फिर किसी अभियान के तहत पूरी लाइन बदली जाती है ऐसी स्थिति में यदि ड्रेनेज एवं अन्य लाइन क्षतिग्रस्त होती है तो ठेकेदार केवल अपना काम पूरा करता है। इसके बाद जब क्षतिग्रस्त लाइन की शिकायत होती है तो नया ठेकेदार नई फाइल बनाकर उसे सुधारता है।

# लालबाग पैलेस, राजवाड़ा पर होंगे 5 करोड़ के काम

## काम शुरू होने के बाद ठेकेदार को 9 महीने में करना होगा काम पूरा







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के दो ऐतिहासिक स्थल लालबाग पैलेस और राजवाड़ा पर 5 करोड रुपए के विकास कार्य कराए जाएंगे। यह काम जब शुरू होंगे तो उसके बाद में ठेकेदार को मात्र 9 महीने की अवधि में काम को पूरा करना होगा।

राज्य सरकार के मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के द्वारा लालबाग पैलेस और राजवाड़ा पर विकास और सुंदरीकरण के कार्य करने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। इस कार्य योजना को मंजूरी भी दे दी गई है। अब इस कार्य योजना के अनुसार काम शुरू किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत पर्यटन विकास निगम के द्वारा लालबाग पैलेस में बाहरी विद्युतीकरण, इल्यूमिनेशन, सीसीटीवी एवं बाहरी म्यूजिक का काम सबसे पहले कराने का फैसला लिया गया है।

### निगम ने लगाए थे करोड़ों रुपए

इंदौर नगर निगम के द्वारा राजबाड़ा की ऐतिहासिक इमारत के संरक्षण और बेहतरी के कार्य पर करोड़ों रुपए की राशि खर्च की गई थी। इस इमारत के सबसे ऊपर की मंजिल का थोड़ा हिस्सा एक तरफ झुकने लगा था ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्मार्ट सिटी कंपनी के माध्यम से राजवाड़ा का कार्य करवाया गया था। इस कार्य के पूर्ण होने के बाद राजवाड़ा पर प्रदेश के मंत्रिमंडल की बैठक का आयोजन भी हुआ था। नगर निगम के द्वारा इमारत के संरक्षण के लिए किए गए काम शायद ना काफी थे यही कारण है कि अब पर्यटन निगम के द्वारा अपने हिसाब से बचे हुए कामों को किया जा रहा है। इस बारे में पूछे जाने पर पर्यटन निगम के अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम के द्वारा किए गए कामों के बावजूद राजवाड़ा को और ज्यादा बेहतर बनाने के लिए जो काम करना आवश्यक है उन्हें अंजाम दिया जा रहा है।

लालबाग पैलेस में यह कार्य करवाने पर 2.87 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। इस कार्य को कराने के लिए मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के द्वारा टेंडर जारी कर ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही राजबाड़ा की ऐतिहासिक इमारत दरबार हाल में विद्युतीकरण और एचव्हीएसी काका-डे करवाने का फैसला लिया गया है। इस कार्य पर दो करोड़ रुपए खर्च होंगे। राज्य सरकार के द्वारा इंदौर की इन दोनों ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण में रूचि लिए जाने के कारण पर्यटन विकास निगम के द्वारा इन काम को करने के प्रोजेक्ट बनाया गया।



## 167 युवाओं को मिला रोजगार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शासन के निर्देश पर जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई और जिला उद्योग केन्द्र के संयुक्त प्रयास से कल रोजगार मेला युवा संगम का आयोजन किया गया। 12 कम्पनियों ने रिक्त पदों के लिए 167 युवाओं का चयन किया। इस रोजगार मेले के लिए 284 उम्मीदवारों ने पंजीयन कराया था। इनमें युवकों के अलावा युवतियां भी शामिल है।**



## बीमारी के लिए आर्थिक मदद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जन पॉवर फाउण्डेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने 3 वर्षीय बेटी की दुर्लभ बीमारी में सहयोग के रूप में 11 हजार रु. का चेक सहयोग के रूप में दिया।

## 40 गैस सिलेंडर गलत उपयोग पर किए जब्त, आम्बेडकर नगरी और बड़ेगांव देपालपुर के लिए बनाई थी दो टीम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बगैर कनेक्शन लिए कमर्शियल सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग और घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध उपयोग करने वाले के विरुद्ध अभियान प्रशासन के खाद्य विभाग द्वारा कलेक्टर के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। कल जिले के आम्बेडकर नगरी महू और देपालपुर क्षेत्र के प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर 40 सिलेंडर जब्त किए गए। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि खाद्य विभाग के दो अलग-अलग जांच दल द्वारा घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण, अवैध व्यावसायिक घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर कार्यवाही की गई। इसी क्रम में आज बालाजी चौराहा बेटमा, देपालपुर में इंडियन ढाबा के संचालक देवी सिंह से 03 गैस सिलेंडर 14.2 किलोग्राम, बालाजी रेस्टॉरेंट के संचालक नीलेश मोदी से 03 गैस सिलेंडर 14.2 किलोग्राम क्षमता के व्यावसायिक दुरुपयोग में जब्त किए गए। द्वितीय जांच दल द्वारा महू में कार्यवाई करते हुए दस्तूर ढाबा महू के संचालक हेमंत वर्मा से 19 कि. ग्रा. क्षमता के 08 नग व्यावसायिक गैस सिलेंडर बिना कनेक्शन के उपयोग करने पर जब्त किए गए। इसी तरह बिना कनेक्शन के उपयोग करने पर वृन्दावन फैमिली रेस्टॉरेंट महू-पीथमपुर रोड के संचालक बॉबी वर्मा से 03 नग, माँ वैष्णव ढाबा मानपुर रोड के संचालक सचिन सिंह से 12 नग व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसी प्रकार राजपूत ढाबा एंड रेस्टोरेंट एबी रोड़ पर संचालक महेन्द्र राजपूत,रोहित चौहान से 11 नग व्यावसायिक गैस सिलिंडर इण्डेन के जप्त किए गए। उक्त कार्रवाई में 06 नग गैस सिलिंडर 14.2 कि. ग्रा. क्षमता के एवं 34 नग गैस सिलेंडर 19 किलोग्राम क्षमता के इस तरह कुल 40 गैस सिलेंडरों की जब्ती की गई। श्री मारू ने बताया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कहा गया है कि वह घरेलू सिलेंडर का उपयोग नहीं करें। व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग अधिकृत गैस एजेंसी से कनेक्शन एस वी प्राप्त कर ही करें। गैस सिलेंडर रिफिल, अवैध कारोबार ,भंडारण अवैध उपयोग, अवैध क्रय-विक्रय के विरूद्ध चल रहा अभियान निरंतर जारी रहेगा। उपरोक्त सभी प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 में प्रकरण दर्ज किए गए हैं।



# माहेश्वरी महिलाओं ने की गिरिराज परिक्रमा

## चुनरी मनोरथ का आयोजन भी हुआ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री दक्षिण क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन के बैनर तले तीन दिवसीय ब्रज यात्रा और चुनरी महोत्सव का आयोजन किया गया। गिरिराजजी की परिक्रमा की गई, मथुरा-वृंदावन में भगवान के दर्शन कर चुनरी मनोरथ भी किया गया। साधना राजेश कचोलिया, पिंकी पुष्पेन्द्र काकाणी, प्रज्ञा मनीष सोमानी, मोनिका अनिल लड्ढा, रुक्मणी प्रदीप बाहेती, पूनम शरद सोनी, सीमा बैड़िया, रेखा भूतड़ा, भावना झंवर, पायल भट्टड़, प्रमिला भूतड़ा, निशा कचोलिया सहित अन्य मातृशक्तियां इस धार्मिक यात्रा में शामिल रही।

# ब्राह्मण सेवा संगठन की दवाई सेवा




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ब्राह्मण सेवा संगठन के सर्वसमाज सेवा प्रकल्प निरामय सेवा संजीवन द्वारा एमवाय हॉस्पिटल में जरूरतमंद रोगियों को 'सहायता सीनियर सिटीजन ग्रुप' एवं कर्मेशु मातृशक्ति मासिक मैत्री मिलन ग्रुप के सहयोग से 61 हजार रुपए मूल्य की दवाइयां भेंट की। सत्येन्द्र शर्मा, नीलाभ सुगंधी, अनुपम तिवारी, राजेंद्र–ममता शर्मा, अशोक चौरड़िया, सरोज कौशिक, जीतेन्द्र व्यास, मुकेश शर्मा मामा, गजेन्द्र शर्मा, हरीश जोशी, बृजेश पंचोली, कमल शर्मा, ममता शर्मा, दीपिका शर्मा, सीमा ओझा, आरती मिश्रा, पूजा शर्मा, अंशु दीक्षित, रीता शास्त्री सहित विप्र बंधु उपस्थित थे।



# कथा में श्रीराम के वन गमन प्रसंगों पर व्याख्यान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गणेश नगर में माता केशरबाई रघुवंशी धर्मशाला परिसर में आयोजित रामकथा में कल सोमवार को मनोज भार्गव ने प्रभु श्रीराम के वन गमन एवं केवट प्रसंग की व्याख्या पर सार्थक उदबोधन दिए। तुलसीराम रघुवंशी, रेवतसिंह रघुवंशी ने व्यास पीठ पूजन किया। कथा दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक जारी है।

# अण्णा महाराज का सम्मान




इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री दत्त माऊली सद्गुरु अण्णा महाराज संस्थान के अण्णा महाराज को द थेम्स अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, पेरिस, फ्रांस के डाक्टर मानिटरिंग बोर्ड के इंडो युरोपीन समिट द्वारा डाक्टरेट की पदवी दी गई। उनके द्वारा किए गए नवाचार, विद्वतापूर्ण सतत-धार्मिक अनुष्ठानो, जीव कल्याण,शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा विभिन्न जीवनोपयोगी कार्यक्रम के कारण यह सम्मान दिया गया। उक्त जानकारी शरद जपे ने दी।

# संत का लिया आशीर्वाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य सिध्दांत सागर महाराज का संघ प्रवेश हुआ। दीपक पाटनी, कमल रावका ने बताया कि आचार्यश्री का आज महू में विहार होगा। फरवरी माह में णमोकार तीर्थ पर होने वाले पंचकल्याणक में पहुंचने के लिए आचार्यश्री प्रयास कर रहे है।





# लायंस क्लब ने किया पारिवारिक मिलन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। लायंस क्लब इंदौर यूनिक ने स्कूल कैम्पस में पारिवारिक मिलन का आयोजन किया। कई प्रतियोगी गेम खिलाए, बच्चों के लिए भी व्यवस्था की गई थी। गुड़-तिल्ली के लड्डू वितरित किए। संजय लोहिया, संतोष गोयल, सीपी हेड़ा,



मनोज शर्मा, द्वारका गुप्ता, बंसीलाल अग्रवाल, विनोद जोशी, राधेश्याम काबरा, नवीन छाबड़ा, दिनेश अग्रवाल, महेश पाटीदार, दिनेश पालीवाल, नागेश जोशी, नवीन बंसल सहित अन्य मौजूद थे।



# सूर्य नमस्कार के लिए दशहरा मैदान पर अवलोकन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं संस्था छवि वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 10 जनवरी को सुबह 7 से 9 बजे तक दशहरा मैदान पर आयोजित सूर्य नमस्कार के आयोजन के लिए की जा रही तैयारी को लेकर आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने अवलोकन किया और समितियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी। इस अवसर पर गोपाल गोयल, प्रवीण मिश्रा, संतोष साहू, पिंकेश मोदी, डॉ. संजय लोंढे, डॉ. राजकुमार जैन, दिनेश टेलर, हेमंत पटेल, जयकांत शिकरे एवं मनोज सुगंधी भी उपस्थित थे।

# खंडेलवाल जैन महासभा की सम्मेलन के लिए बैठक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री भारतवर्षीय खंडेलवाल दिगम्बर जैन महासभा का अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन 11 जनवरी को नृसिंह वाटिका में आयोजित होगा। इस सम्मेलन को लेकर कल जवरीबाग नसिया में बैठक का आयोजन किया गया। 595 प्रविष्टियां परिचय सम्मेलन के लिए आ चुकी है। इन्द्रकुमार सेठी, शेखर छाबड़ा, सनत गंगवाल, चन्द्रप्रकाश गंगवाल, प्रेमचंद काला सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।





# विप्र नारी संस्था के आयोजन में देशभर की 900 महिलाएं पहुंची




इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विप्र नारी सेवा संस्थान ने वार्षिक महोत्सव का आयोजन हंसदास मठ पर किया। स्मारिका का विमोचन किया गया। सेवा सम्मान भी हुआ, भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। अण्णा महाराज, पवनदास महाराज, डॉ. अलका भार्गव, गौरव गोयल, सरिता शर्मा, योगेश मिश्रा, दीपक वाघ, भूषण भाई, मोनिका दुबे, सुनीता पाठक अतिथि थे। आयोजन में प्रमिला शर्मा, गौरी शर्मा ,अंजू भार्गव, मीना पाठक, मंजु शर्मा, रेखा दुबे, मणीमाला शर्मा ने अपनी भूमिका निभाई।

# गजासीन शनिधाम का मनेगा स्थापना दिवस

## तीन दिवसीय आयोजन में होगा संत समागम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



उषानगर स्थित श्री गजासीन शनिधाम का स्थापना दिवस महोत्सव मनाया जाएगा। 16 जनवरी से तीन दिवसीय आयोजन महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज के सान्निध्य में मनाया जाएगा। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान के साथ संत समागम, कवि सम्मेलन और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम होंगे। 16 जनवरी को भगवान शनिदेव का अभिषेक और जाप होगा। इसके बाद पंच कुण्डीय शनि शांति यज्ञ होगा, शाम को पुष्प बंगला और छप्पन भोग दर्शन होंगे, शाम 7 बजे पालकी यात्रा निकाली जाएगी जिसके बाद कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। 17 जनवरी को शनि शांति यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। आयुष निर्माता संघ द्वारा आयुर्वेदिक दवाई का वितरण किया जाएगा। 251 ध्वजाओं का पूजन होगा जो भक्तों को वितरित की जाएगी। शनि प्रदायक यंत्र और तुलसी पौधे भी वितरित होंगे। शाम को दादू महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 18 जनवरी को शनि चालीसा का सामूहिक पाठ एवं खप्पर आरती होगी। तीन दिवसीय आयोजन के लिए पं. प्रदीप मिश्रा, धीरेन्द्र शास्त्री, पंडोखर सरकार सहित कई संतों को निमंत्रण दिया गया है। इससे पूर्व 10 जनवरी को मंदिर परिसर में हड्डी रोगियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा।



# भट्टड़ की 'राइज अबोव' पुस्तक का विमोचन

इंदौर( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सीए रीना भट्टड़ द्वारा लिखी पुस्तक 'राइज अबोव' का विमोचन किया गया। पुस्तक अमेजन पर ऑनलाइन उपलब्ध है। धार्मिक आयोजन के दौरान इस पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक सकारात्मकता पर आधारित है। इस अवसर पर श्यामसुन्दर-निर्मला भट्टड, प्रहलाद-मधु भट्टड, कपिल भट्टड, रीतेश भट्टड सहित अन्य मौजूद थे।

# सिंधी समाज के 72 नवयुगल ने कार्यशाला में जानी गर्भ व्यवस्था





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भारतीय सिंधु सभा, पूज्य श्री सक्खर सिंधी पंचायत एवं सार्थक जीवन के संयुक्त अभियान में शक्खर पैलेस में सिंधी समाज के 72 नवयुगलों के लिए दिव्य संतान की प्राप्ति हेतु कार्यशाला आयोजित की गई। गर्भ संस्कार, गर्भ में शिशु की देखभाल सहित अन्य जानकारी डॉ. अनिल गर्ग, डॉ. सीमा गर्ग, डॉ. जगदीश जोशी, सुनीता जोशी, प्रियंका शर्मा ने नवयुगलों को दी। नरेश फुंदवानी, पंकज फतेहचंदानी, अजय शिवानी, नामदेव कुकरेजा, भरत शाह, सरिता मंगवानी, श्रीचंद शादिजा, जय काकवानी, रवि भाटिया, संदीपन आर्य सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



# विद्वानों का हुआ सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री मातृत्व वैकल्पिक चिकित्सा संस्था द्वारा रेकी सेमिनार व विद्वान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मनीषा चेलावत ने बताया कि दिलीप राजपाल, डॉ.राजकुमार अग्रवाल, उदयराजे सिंह होलकर, नरेंद्र जैन, संगीता शर्मा, साधना शर्मा, डॉ. नम्रता मालपानी, डॉ. रोहित पंत, नरेनशरण, विनोद शर्मा, देवेंद्र सिंघई को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रवीण ठकारिया, नितिन चेलावत, रितु, आरती, पूर्वी चेलावत मौजूद थे।

# एनिमल लिबरेशन कॉन्फ्रेंस इंडिया का होगा आयोजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

एनिमल लिबरेशन कॉन्फ्रेंस इंडिया का 9 से 11 जनवरी तक आयोजन किया जाएगा। इसके लिए देशभर से पशु प्रेमी भाग लेंगे। अजय कि-रडिया ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में प्रतिभागियों को पशु अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण और व्यावहारिक विषयों पर जानकारी दी जाएगी। इसमें पशु क्रूरता से जुड़े कानूनों को समझना, उनके सही इस्तेमाल की प्रक्रिया, जानवरों पर हो रहे अत्याचारों की जांच और दस्तावेजीकरण, मीडिया और सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग, स्थानीय स्तर पर पशु अधिकारों को मजबूत करने की रणनीति तैयार करने पर भी चर्चा की जाएगी। 11 जनवरी को राष्ट्रीय पशु अधिकार मार्च, के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।



# जैन परवार सोशल ग्रुप के अध्यक्ष

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री दिगम्बर जैन परवार सोशल ग्रुप के अध्यक्ष दिनेश जैन को मनोनीत किया गया। हेमंत मोदी ने बताया कि ग्रुप की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। सचिव पद पर मनीष जैन एवं कोषाध्यक्ष पद पर पंकज जैन का चयन किया गया। 25 जनवरी को सीए ऑडिटोरियम में शपथ समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें सभी नवीन पदाधिकारियों द्वारा पद की शपथ ली जाएगी। बैठक में शरद जैन, देवेंद्र जैन, महेंद्र जैन, आलोक जैन, अरविन्द सोधिया, बिपुल बांझल, प्रीति जैन मौजूद थे।

# वेनेजुएला की जनता के समर्थन में मानव शृंखला

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। वेनेजुएला की जनता के समर्थन में 8 जनवरी को रीगल चौराहा पर मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कब्जा करने की कोशिश के विरोध में 8 जनवरी को रीगल तिराहा पर तख्तियां लेकर मानव श्रृंखला बनाई जाएगी इस संबंध में कल्याण जैन वाचनालय पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वेनेजुएला की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। इस दौरान विनीत तिवारी, जय मेहता, विजय दलाल, रामस्वरूप मंत्री, सीएल सर्रावत, भागीरथ कछुआ, अरुण चौहान, सारिका श्रीवास्तव, रुद्रपाल यादव, परेश टोकेकर, कैलाश लिंबोदिया, फादर पायस, अरविंद पोरवाल, योगेंद्र महावर मौजूद थे।





# जरूरतमंदों को कम्बल वितरण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एस्ट्रो वीडी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंदों को ठंड से राहत के लिए कम्बल वितरित किए गए। एमवाय अस्पताल, रेन बसेरा, चाचा नेहरु आस्पताल और सरवटे बस स्टेण्ड सहित कई जगहों पर कम्बल वितरण किए गए।

# श्री ओसवाल जैन साजना साथ श्रीसंघ का मिलन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री ओसवाल जैन साजना साथ श्रीसंघ का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन दलाल बाग में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण के साथ हुई। पुखराज लसोड को प्रकाश भटेवरा द्वारा श्री संघ के अध्यक्ष पद हेतु शपथ दिलाई गई। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों ने भी शपथ ली। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर विनोद जैन, विजय चौधरी, रीतेश कटकानी, सुरेश स्नेह लोढा, अपूर्व कोठारी, विजय मेहता, अमृत बोल्या, महेन्द्र मोगरा, कांतिलाल दलाल मौजूद थे।

# राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर की सक्रिय पहल जानी समस्या और किया तुरंत निराकरण

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** लोकसभा क्षेत्र धार-महू की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास श्रीमती सावित्री ठाकुर द्वारा आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सोमवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें दूर-दूर से आए कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, धार में सांसद ने आमजन, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। इस दौरान क्षेत्र की जनसमस्याओं, विकास कार्यों की प्रगति, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा स्थानीय आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई,द्वितीय सत्र दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक सांसद जनसंवाद केंद्र, रोटरी क्लब के सामने स्थित कार्यालय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर नागरिकों द्वारा व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य सहायता, सड़क निर्माण, आगजनी से हुए आर्थिक नुकसान, बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याएं, बच्चों की गंभीर एवं लाइलाज बीमारियों हेतु सहायता, आंगनवाड़ी भवन निर्माण तथा कपास किसानों से जुड़ी समस्याओं के आवेदन मुख्य रूप से प्राप्त हुए,इसी क्रम में ग्राम पंचायत केसरपुरा तेली के ग्राम रालामंडल के ग्रामीणों द्वारा नालावाड़ा तक के मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जोड़ने की महत्वपूर्ण मांग रखी गई। ग्रामीणों की इस आवश्यक मांग पर माननीय मंत्री महोदय ने



तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की, जिसके परिणामस्वरूप उक्त सड़क मार्ग की स्वीकृति प्राप्त हो गई। सड़क की स्वीकृति से ग्रामवासियों में हर्ष का वातावरण है तथा क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ विकास को नई गति मिलेगी, श्रीमती सावित्री ठाकुर ने प्राप्त सभी आवेदनों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की एवं कई मामलों में मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र निराकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

धार लोकसभा क्षेत्र से लेकर भोपाल स्तर तक तथा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों के प्रमुख सचिवों से सीधा संवाद कर आमजन एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निवारण हेतु सार्थक पहल की गई।

माननीय सांसद जी ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जनसंवाद जैसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। आमजन की आवाज को सीधे सुनना, उनकी अपेक्षाओं को समझना तथा विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना ही इस पहल का मूल उद्देश्य है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि प्रत्येक समस्या का समाधान समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।

साथ ही जानकारी दी गई कि आगामी 7 जनवरी 2026 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देशन में माननीय मंत्री महोदय दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित रहेंगे, जहां देशभर से आने वाले कार्यकर्ताओं एवं आमजन से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना जाएगा,अंत में श्रीमती सावित्री ठाकुर ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनसंवाद कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता कर क्षेत्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। यह जनसंवाद कार्यक्रम जनप्रतिनिधि और जनता के बीच विश्वास, पारदर्शिता एवं सहभागिता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है।

---

**सुहाना खान ने अपने दुबई वेकेशन की फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इनमें एक्ट्रेस का स्टाइलिश अवतार देखने को मिला जिनपर फैंस अपना दिल हार बैठे हैं।**




**बॉलीवुड** के किंग खान शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान ने नया साल दुबई में अपने परिवार के साथ मनाया। जिसकी झलक हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक बार फिर सुहाना का स्टालिश लुक देखने को मिला है।

सुहाना खान ने अपनी ये फोटोज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। तस्वीर में वो समुद्र के किनारे कभी खड़ी होकर तो कभी बैठ कर कैमरे के लिए पोज दे रही हैं।

सुहाना ने अपनी पोस्ट में अपनी सोलो तस्वीरें और कजिन आलिया चिब्बा के साथ कुछ बेहतरीन कैन्डिड मोमेंट्स भी शेयर किए हैं।

एक फोटो में वो ग्रे स्वेटशर्ट और ट्राउजर में बेहद कंफर्टेबल लग रही थीं। जिसे उन्होंने ब्लैक जैकेट के साथ पेयर किया।

सुहाना का मल्टी-कलर्ड वाइब्रेंट ड्रेस वाला लुक भी काफी शानदार रहा। खुले बालों में वह काफी प्यारी लग रही थीं।

इस तस्वीर में उनका लुक देखने लायक है। ब्राउन को-ऑर्ड को उन्होंने चेन बेल्ट के साथ पहनकर और भी स्टाइलिश बना दिया है। उनका यह लुक काफी कूल लग रहा है। एक्ट्रेस इस ब्लू ड्रेस में भी खूब जच रही हैं। एक्ट्रेस का सटल मेकअप धूप में खिलकर आ रहा है।

## गर्लफ्रेंड के हाथ थामे दिखे हार्दिक पंड्या

**एंटीलिया** में यूनाइटेड इन ट्रायंफ इवेंट में दिग्गज हस्तियों का मेला लगा। अमिताभ बच्चन से लेकर जाह्नवी कपूर तक, कई फिल्मी सितारे इस खास इवेंट में शामिल हुए। वहीं कई क्रिकेटर्स भी अंबानी फैमिली के इस स्पेशल इवेंट का हिस्सा बनीं। क्रिकेटर हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा के साथ अंबानी फैमिली के इवेंट में शामिल हुए। हार्दिक माहिका का हाथ थामे इवेंट में एंट्री लेते नजर आए। ब्लैक सूट में क्रिकेटर काफी हैंडसम दिख रहे थे। वहीं ब्लैक शॉर्ट ड्रेस में माहिका बेहद स्टाइलिश नजर आ रही थीं। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर भी अंबानी फैमिली के इवेंट का हिस्सा बनीं। इस दौरान वो रेड कलर की शॉर्ट फ्लोरल प्रिंट ड्रेस पहने दिखाई दीं। व्हाइट हील्स और बन हेयरस्टाइल के साथ उन्होंने अपना लुक पूरा किया था। शुला कपूर भी इस फंक्शन में शामिल हुईं। इस दौरान वो वन शोल्डर मल्टीकलर ड्रेस पहने दिखाई दीं। वरुण धवन ऑलिव ग्रीन ब्लेजर-पैंट पहने काफी डैशिंग लग रहे थे। ग्रे शूज के साथ उन्होंने अपना लुक फाइनल किया था। टेनिस प्लेयर सानिया मिर्जा का इस दौरान स्टनिंग अवतार देखने को मिला। ब्लैक अप डाउन ड्रेस में वो काफी सुंदर दिख रही थीं। इवेंट की होस्ट नीता अंबानी व्हाइड एंब्रॉयडी वाली पिंक साड़ी में बेहद खूबसूरत दिख रही थीं।



## ब्लैक बॉडीकॉन में अक्षरा सिंह की अदाओं पर फिदा हुए फैंस



**भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी फोटोज शेयर करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस पहन अपनी फोटोज शेयर की हैं।**

भोजपुरी सिनेमा की 'क्वीन' अक्षरा सिंह अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपने ग्रेसफुल फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में अक्षरा ने इंटरनेट पर अपनी दिलकश तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बना दिया है। अक्षरा का लेटेस्ट लुक अब चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसमें वो ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में कहर ढाती नजर आ रही हैं। अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं।

हालिया फोटोशूट में अक्षरा ने ब्लैक कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है। इस ड्रेस में वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

ये ड्रेस न केवल उनके परफेक्ट फिगर को फ्लॉन्ट कर रही है, बल्कि उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। अक्षरा ने इसे बहुत खूबसूरती के साथ कैरी किया है।

अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए अक्षरा ने मिनिमल मेकअप किया है और स्लीक बन हेयरस्टाइल बनाकर लुक को और भी खास बनाया।

इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उन्होंने जमकर अलग अलग अंदाज में पोज भी दिए, जिस ओर फैंस फिदा हो गए है।

जैसे ही अक्षरा ने ये तस्वीरें पोस्ट कीं, कुछ ही घंटों में उनकी इन तस्वीरों पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं। फैंस उनकी खूब तारीफ करते नजर आ रहे है।

एक्ट्रेस की फोटो पर फैंस उन्हें 'ब्यूटी', 'भोजपुरी की जान' और 'गॉर्जियस' जैसे कमेंट्स दे रहे हैं।

## संपादकीय

# इराक से पनामा और अब वेनेजुएलाः क्या अमेरिका फिर बन रहा है 'दुनिया का थानेदार'?

अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का लगातार आरोप लगाने के बाद शुक्रवार देर रात राजधानी काराकस पर हमला कर दिया था। इस दौरान मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर न्यूयार्क ले जाया गया। वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई के मुद्दे पर भी भारत ने बातचीत से मसले को सुलझाने और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता कायम रखने पर जोर दिया है। साथ ही तेल समृद्ध वेनेजुएला में तेजी से बदल रही स्थिति पर करीबी नजर भी रखी जा रही है, ताकि आने वाले समय में राष्ट्रहित की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। भारत सहित कई देशों ने इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है और वेनेजुएला की संप्रभुता एवं वहां के लोगों की सुरक्षा की वकालत की है। इस बीच, यह सवाल भी उठ रहा है कि किसी राष्ट्र पर हमला कर वहां के प्रमुख और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाने की अमेरिका की कार्रवाई क्या अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का उल्लंघन नहीं है? गौरतलब है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का लगातार आरोप लगाने के बाद शुक्रवार देर रात राजधानी काराकस पर हमला कर दिया था। इस दौरान मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर न्यूयार्क ले जाया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मादुरो के खिलाफ न्यूयार्क में मुकदमा चलाया जाएगा। यह कोई पहली बार नहीं है कि अमेरिका ने किसी देश में सत्ता परिवर्तन का प्रयास किया है। वर्ष 1965 में अमेरिका ने डोमिनिकन गणराज्य में बड़ी संख्या में अपने सैनिक भेजे, ताकि 1963 में तख्तापलट के तहत हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति जुआन बोश की वापसी को रोका जा सके। वर्ष 1989 में अमेरिकी सैनिकों ने पनामा पर धावा बोला, जिसका मकसद तत्कालीन जनरल मैनुअल नोरिएगा को हटाना था, जिन पर मादुरो की तरह ही मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप थे। वर्ष 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में इराक पर हमला कर सद्दाम हुसैन के लंबे शासन का अंत कर दिया गया। इसी तरह वर्ष 2004 में हैती के तत्कालीन राष्ट्रपति को सत्ता से हटाकर अफ्रीका भेज दिया गया। यह बात सही है कि अगर दुनिया के किसी हिस्से में मानव सुरक्षा का गंभीर संकट हो, तो किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप को तभी उचित ठहराया जा सकता है, जब यह सब अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के दायरे में किया जाए। शीत युद्ध के दौरान अमेरिकी हस्तक्षेप की अक्सर निंदा की जाती थी, लेकिन इससे कभी भी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की वैधता को सीधे तौर पर खतरा महसूस नहीं हुआ। मगर पिछले कुछ दशकों में यह देखने में आया है कि कुछ शक्तिशाली देश वैश्विक मानव हित के बजाय अपने निजी स्वार्थों के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई को भी कुछ देश इसी नजर से देख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस खतरनाक चलन को लेकर गहरी चिंता जताई है, जिसे अमेरिका बढ़ावा दे रहा है। इस बात पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है कि विश्व में शांति एवं स्थिरता के वास्ते सभी देशों ने मिलकर जो अंतरराष्ट्रीय कानून बनाए हैं, उनके महत्त्व और प्रासंगिकता को बनाए रखने के लिए संतुलित रुख बेहद जरूरी है।

# मालवा साढ़े 5 घंटे, तो इंटरसिटी 3 घंटे लेट

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** कोहरे के कारण देश भर में कई ट्रेनें प्रभावित हुई है। इंदौर आने वाली मालवा एक्सप्रेस साढ़े 5 घंटे देर से चल रही हैं। दिल्ली से आने वाली इंटरसिटी सुपर फास्ट एक्सप्रेस 3 घंटे और ट्रेन क्रमांक 19338 इंदौर वीकली एक्सप्रेस 5 घंटे देरी से चल रही है। इसके अलावा भी आज सुबह इंदौर आई कुछ ट्रेन तो समय से पहले आ गई जबकि कुछ ट्रेन 15 मिनट से 45 मिनट तक लेट पहुंची।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 138700 | 138300 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 245400 | 249500 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू



# कार बनी 'शराब गोदाम'; राऊ पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ी 25 पेटी अवैध शराब, एक तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राऊ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक लग्जरी कार को रोककर जब उसकी तलाशी ली, तो उसमें भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। राऊ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार के जरिए अवैध शराब की बड़ी खेप शहर की ओर ले जाई जा रही है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने चेकिंग पॉइंट लगाकर संदिग्ध वाहन की तलाश शुरू की। जैसे ही बताई गई कार वहां पहुँची, पुलिस ने उसे घेराबंदी कर रोक लिया। कार की तलाशी लेने पर पुलिस दंग रह गई। कार के अंदर 25 पेटी अवैध शराब छिपाकर रखी गई थी। पुलिस ने शराब की पेटियां और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को जब्त कर लिया है। जब्त शराब की कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है।पुलिस ने मौके से एक युवक को हिरासत में लिया है। फिलहाल पुलिस उससे यह पूछताछ कर रही है कि वह शराब कहाँ से लेकर आया था और इसे शहर में कहाँ सप्लाई किया जाना था। पुलिस को आशंका है कि इस तस्करी के पीछे कोई बड़ा गिरोह हो सकता है।

# हाट बाजार में जेवर की दुकान से जेवर का बैग उड़ाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**मां को बैग थमाकर कार लेने गया था बेटा, पीछे से हाथ साफ कर गए**

**चंदन नगर थाना क्षेत्र के हाट बाजार में एक सुनार की दुकान से जेवर से भरा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाश उस वक्त बैग उड़ा ले गए जब दुकानदार सामान समेटकर अपनी मां के पास बैग रखकर कार लेने गया था। पुलिस अब हाट बाजार और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।**

पुलिस के मुताबिक, चोरी की यह वारदात जवाहर टेकरी, शंकर मंदिर के पास हुई। फरियादी राजेश कुमार पिता जगदीशचंद सोनी (50), निवासी पल्हर नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेश हर रविवार की तरह वहां आम रोड पर पलंग और पन्नी बिछाकर चांदी की ज्वेलरी पायल, बिछिया, अंगूठी, कड़े आदि की अस्थाई दुकान लगाते हैं।घटना वाले दिन शाम करीब 6:30 बजे राजेश अपनी मां कमला बाई के साथ दुकान समेट रहे थे। उन्होंने चांदी के जेवर इकट्ठा कर एक बैग में रखे और मां को बैग के पास खड़ा कर खुद अपनी कार लेने के लिए कुछ दूरी पर चले गए। जब राजेश कार लेकर वापस लौटे, तो वहां से चांदी के गहनों से भरा बैग गायब था। राजेश और पड़ोसी दुकानदारों ने काफी खोजबीन की, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। चंदन नगर पुलिस ने राजेश की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का मानना है कि बदमाश आसपास ही घात लगाकर बैठे थे और मौका मिलते ही बैग लेकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से हुलिए के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# अग्रवाल की स्मृति में दिव्यांग सहायता शिविर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** किशोरीलाल अग्रवाल की स्मृति में जायंट्स ग्रुप ऑफ इंदौर और केएलए ग्रुप के साथ दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन 10 से 14 जनवरी तक विशेषज्ञों की मौजूदगी में किया जाएगा। दिव्यांगों का परीक्षण कर उनका नापतौल लेकर कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। समाज कल्याण परिसर परदेशीपुरा में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक यह आयोजन होगा। अनूप अग्रवाल, चमनलाल डागा ने उक्त जानकारी दी।

# मंदिर के पास से डीजे की गाड़ी हटाना पड़ा भारी, महिला को घर में घुसकर पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**गांधीनगर थाना क्षेत्र में भक्ति और सेवा के कार्य में बाधा डालने का एक मामला सामने आया है। साईं बाबा मंदिर में होने वाले भंडारे के लिए जब एक महिला ने सड़क पर खड़ी डीजे की गाड़ी हटाने को कहा, तो विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने महिला के साथ जमकर मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी।**

गांधीनगर पुलिस के मुताबिक, फरियादी दीपिका पाचोरे, निवासी नया बसेरा की रिपोर्ट पर आरोपी गोलू उर्फ अरुण, पंकज, पवन और अभिषेक के खिलाफ केस दर्ज किया है।फरियादी ने बताया कि 4 जनवरी को उन्होंने आरोपी गोलू उर्फ अरुण से कहा था कि साईं बाबा मंदिर पर भंडारा होने वाला है, इसलिए वह अपनी डीजे की गाड़ी वहां से हटा ले। जब आरोपी ने गाड़ी नहीं हटाई, तो फरियादी और उनके परिवार ने गाड़ी को थोड़ा दूर ले जाकर खड़ा कर दिया था। गाड़ी हटाने की इसी बात से नाराज होकर सोमवार को आरोपी गोलू ने अपने साथियों के साथ मिलकर फरियादी के घर के बाहर पहुँचे। उन्होंने चिल्लाते हुए पूछा कि 'तुमने और तुम्हारे पति बबलू ने हमारी गाड़ी क्यों हटाई? जब फरियादी ने दोबारा मंदिर में भंडारे का हवाला दिया, तो आरोपी आपा खो बैठे और गालियां देने लगे।गाली देने से मना करने पर चारों आरोपियों ने फरियादी के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब लोग इकट्ठा हुए, तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# नुक्ते के रुपयों के लिए काका ससुर और नंदोई ने महिला को पीटा, धक्का देकर सीढ़ियों से गिराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदन नगर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक महिला के साथ उसके ही नजदीकी रिश्तेदारों ने महज इसलिए मारपीट की और उसे सीढ़ियों से धक्का दे दिया क्योंकि महिला ने नुक्ता मृत्यु भोज के कार्यक्रम के लिए रुपये देने से मना कर दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, घटना सिरपुर बांक स्थित पंचायत वाली गली की है। पीड़िता भूरी पति सलीम पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके काका ससुर अजीज पटेल और नंदोई इस्लाम पटेल दोनों निवासी बाबा की बाग, खजराना रिश्तेदारी में हुई एक गमी (मौत) के कार्यक्रम के सिलसिले में सिरपुर बांक आए थे। रात करीब 9 बजे दोनों आरोपी भूरी के घर पहुँचे। उस वक्त उसके पति काम से बाहर गए थे।आरोपियों ने भूरी से नुक्ते के कार्यक्रम के नाम पर रुपयों की मांग की। जब महिला ने असमर्थता जताते हुए रुपये देने से मना किया, तो आरोपी अजीज और इस्लाम गालियां देने लगे। विरोध करने पर उन्होंने महिला के साथ जमकर मारपीट की और उसे जोर से धक्का दे दिया, जिससे वह सीढ़ियों से नीचे गिर गई। गिरने के कारण महिला के हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।मारपीट के बाद आरोपी जाते-जाते महिला को जान से मारने की धमकी दे गए। उन्होंने कहा कि अगर थाने में रिपोर्ट लिखवाई, तो तुम्हें इस घर में रहने नहीं देंगे और जान से खत्म कर देंगे।

# भारत-तिब्बत समन्वय संघ के स्थापना दिवस पर आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भारत-तिब्बत समन्वय संघ द्वारा देशभर में 14 जनवरी को स्थापना दिवस मनाया जाता है। संस्था द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 10 जनवरी को गांधी हॉल में दोपहर 1 बजे व्याख्यान का आयोजन होगा। आयोजन से प्रिंसपाल टोंग्या, ज्योति तोमर, सरयू वाघमारे, हेमेन्द्र सिंह, राजो मालवीय, आलोक मिश्रा, सोनाली चतुर्वेदी सहित अन्य जुड़े हुए हैं।

# होलकर राष्ट्रीय ब्रिज प्रतियोगिता शुरू

**इंदौर।** इंदौर कॉन्ट्रेक्ट ब्रिज एसोसिएशन, यशवंत क्लब तथा होलकर ब्रिज ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ब्रिज महासंघ के तकनीकि मार्गदर्शन में 20वीं महाराजा यशवंतराव होलकर राष्ट्रीय ब्रिज प्रतियोगिता यशवंत क्लब में दिनांक 6 जनवरी से आयोजित की जा रही है।

स्पर्धा सचिव अनिल विजयवर्गीय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में होलकर ट्रॉफी पेयर्स ब्रिज स्पर्धा, ट्रॉफी डुप्लीकेट टीम स्पर्धा, एस.एम. झंवर ट्रॉफी, जे.एस. आनंद ट्रॉफी, जस्टिस आर.के.विजयवर्गीय ट्रॉफी के साथ वी.के. अग्रवाल ट्रॉफी के मुकाबले होंगे। इस स्पर्धा का राष्ट्रीय टीमों के चयन में प्रमुख स्थान है क्योंकि यहां सफल रहे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम के चयन में उच्च वरीयता दी जाती है।

टूर्नामेंट से जुड़े पंकज अग्रवाल ने बताया कि इस बार भी वी.के. अग्रवाल ट्रॉफी के मुकाबले भी खेले जाएंगे। 6 व 7 जनवरी इस ट्रॉफी के तहत मिक्स्ड पेयर के मुकाबले होंगे। इसमें कुल 3 लाख रुपए की इनामी राशि रखी गई है। साथ ही विजेता पेयर को वी.के. अग्रवाल ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। वी.के. अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी 40 साल से साथ में ब्रिज खेलते थे। उनकी मृत्यु के पश्चात उनके परिवार ने यह ट्रॉफी प्रारंभ करने का संकल्प लिया था।

इस स्पर्धा के चीफ टूर्नामेंट डायरेक्टर प्रणव भट्टाचार्य (रंजू) होंगे। स्पर्धा में देश की लगभग कुल 70 टीमें भाग ले रही है जिसमें लगभग साढ़े तीन सौ खिलाड़ी शिरकत करेंगे। इस स्पर्धा के सुचारू रूप से संचालन हेतु होलकर ट्रस्ट का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष श्री सतीश मल्होत्रा है। स्पर्धा में आयोजन में उनका व महारानी उषा राजे का विशेष सहयोग रहता है।

## पालदा में होगी तीन दिनी इनामी कबड्डी स्पर्धा

**इन्दौर।** देशी खेलो को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मालवा कलां अकादमी द्वारा 20 से 22 जनवरी तक पालदा के तीन ईमली चौराहे (बस स्टेशन) में ओपन नगद इनामी कबड्डी स्पर्धा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मालवा कला अकादमी के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि अकादमी का उद्देश्य हमेशा से ही खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना रहता है। लगातार हम कई वर्षो से खिलाड़ियों के साथ ही प्रशिक्षकों को भी सम्मानित करते आ रहे है। पिछले वर्ष पालदा में कुश्ती का सफल आयोजन हुआ था और इस वर्ष से कबड्डी स्पर्धा 20 जनवरी से आयोजित की जा रही है। इस स्पर्धा में पुरूष व महिला वर्गो के अलग-अलग मुकाबले होंगे। कबड्डी अंतराष्ट्रीय नियमों के अनुसार मेट पर आयोजित की जाएगी, जिन्हे फेडरेशन अनुभवी ऑफिसियल संचालित करेंगे। सभी मुकाबले दुधिया रोशनी में खेले जाएगे। दर्शको के लिए बैठक व्यवस्था भी की गई है। पुरूष वर्ग में विजेता टीम को अकर्षक ट्रॉफी के साथ ग्यारह हजार तथा उपविजेता को पांच हजार की इनामी राशि दी जाएगी। महिला वर्ग में विजेता को पांच हजार तथा उपविजेता को तीन हजार रूपये की राशि प्रदान की जावेगी। इस स्पर्धा के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

## प्रकाश यादव खुली इनामी रैपिड शतरंज स्पर्धा में चैंपियन

**इंदौर।** मैक्स चैस एकेडमी के तत्वाधान में खुली रैपिड शतरंज प्रतियोगिता रविवार को मां कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय नंदानगर में आयोजित की गईं जिसमें ओपन कैटेगरी में प्रकाश यादव प्रथम व



मृदुहास त्रिपाठी द्वितीय एवं निखिल महाजन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । राजवीर सिंह बग्गा, आरती कुशवाह, सुरेश चौधरी, हर्षित डावर, भरत गोखरू ने अपनी-अपनी कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया । अभिषेक सूर्यवंशी, अर्थ तापड़िया, प्रतीक चंदवानी, कुणाल कांत सक्सेना ने द्वितीय स्थान और अनये गर्ग, वैदिक सिंह, वैभव तोमर मकरंद भागवत ने तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सभी को नगद व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय के खिलाड़ी अनुराग नामदेव को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी प्रदान की गई। शतरंज स्पर्धा के विभिन्न बालक आयु वर्ग में अविक अग्रवाल, कबीर गुप्ता, दिव्यान पपरिवाल, दर्शील अय्यर एवं बालिका आयु वर्ग में योग्या बत्रा, भव्या अनुरागी, भव्या जैन, अश्लेषा पांडेय, अनुश्री मिमरोट सहित सभी खिलाड़ियों को अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी प्रदान की गई। बेस्ट यंगेस्ट बॉय एंड गर्ल में रियांश पाटिल व कीमाया रणभोरने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज स्पर्धा में निश्चय कुमार , शैशा वाधवानी, विशेष बेंडवाल, जयवर्धन, शिवांश,देवरश, सहज, सोनकाश, गुरजोत,हेरंब, वैष्णवी, यशिता, सेजरश्री,शिवन्या, हिया, नक्षत्रा, सोहम जैन, सोहम, अदिति, कयारा, कबीर, सौम्या, हार्दिक, पार्थ, अंशुल, श्रेष्ठ, उज्जवल, सार्थक, कुमैल, अथर्व, पृथ्वी सहित अन्य सभी खिलाड़ियों को अपने-अपने वर्ग में पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

## अहान, मयंक, रवि और आर्यन ने अपने-अपने मुकाबले जीते



**इंदौर।** अहान गंत्रा, मयंक जैन, रवि नागर और आर्यन गोरले ने इट्ठल दास स्मृति मध्य प्रदेश राज्य रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट के पात्रता दौर में अपने-अपने मैच जीते। मध्य प्रदेश टेनिस संगठन के तत्वावधान में रेसीडेंसी क्लब में आयोजित स्पर्धा में प्रदेशभर से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट डायरेक्टर इंद्रकुमार महाजन ने बताया कि पुरुष एकल वर्ग में अहान गंत्रा ने नितिन जैन को आसानी से 7-2 से हराते हुए अपना अभियान आगे बढ़ाया। मयंक जैन ने अनिरुद्ध अग्निहोत्री को आसानी से 7-1 से पराजित करते हुए खिताबी राह की बाधा पार की। कुछ मैच कांटे के भी रहे, जिसमें आर्यन गोरले ने अविरल शर्मा को 7-6 से और आर्य भट्ट ने गुनीत सिंह को 7-6 से हराया। इसी तरह रवि नागर को मनीष शिरालाकर को हराने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। रवि ने यह मुकाबला 7-4 से अपने नाम किया। एक अन्य मैच में आदित्य शर्मा ने कृष्णम पाटीदार को 7-1 से पराजित किया।

# सूर्यकुमार यादव को रिकी पोंटिंग ने बताया खराब फॉर्म से निकलने का फॉर्मूला

**दुबई।** सूर्यकुमार यादव के पिछले 18 महीने से चल रहे खराब प्रदर्शन से हैरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज रिकी पोंटिंग ने भारतीय टी20 टीम के कप्तान को सलाह दी है कि वह आउट होने के बारे में सोचे बिना रन बनाने पर ध्यान दें। खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कुछ समय पहले तक शीर्ष रैंकिंग पर रहे सूर्यकुमार ने साल 2025 में टी20 में बेहद खराब प्रदर्शन किया है। उन्होंने 21 मैचों (19 पारियों) में मात्र 218 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 13.62 और स्ट्राइक रेट 123.16 रहा। यह प्रदर्शन अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले मौजूदा चैंपियन टीम के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।




### सूर्या कुछ हद तक ट्रैविस की तरह

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने सूर्यकुमार की फॉर्म के बारे में कहा, उनकी हालिया फॉर्म मेरे लिए भी बहुत बड़ी आश्चर्य की बात है। वह लंबे समय से टी20 क्रिकेट में भारत के लिए एक अहम योगदान देने वाला खिलाड़ी रहा है लेकिन हाल ही में वह अपनी लय नहीं पकड़ पा रहा है। उन्होंने कहा, वह एक दिलचस्प खिलाड़ी हैं। वह छह, आठ या 10 गेंद खेलने के बाद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है। पोंटिंग ने कहा, वह खुद पर भरोसा रखते हुए अपने सभी शॉट्स खेलने पर ध्यान देता है। वह कुछ हद तक ट्रैविस हेड (ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज) की तरह है, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि उसे आउट होने का डर नहीं है।

### तुम किसी भी खिलाड़ी से कम नहीं

पोंटिंग ने कहा कि वह सूर्यकुमार को सलाह देंगे कि वे रन बनाने पर ध्यान दें और आउट होने के बारे में नहीं सोचें। उन्होंने कहा, मैं उनसे यही कहूंगा कि रन बनाने पर ध्यान दो, आउट होने के बारे में मत सोचो। खुद पर भरोसा रखो, खुद का समर्थन करो। टी20 प्रारूप में तुम दुनिया के किसी भी खिलाड़ी से कम नहीं हो। एक बार फिर सबको यह साबित कर दो। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने शुभमन गिल को टीम से बाहर किए जाने पर हैरानी भी जताई, जो विश्व कप की तैयारी के दौरान हुई पिछली सीरीज तक भारत के उपकप्तान थे।

### मुझे इस पर यकीन नहीं हो रहा था

उन्होंने कहा, मुझे इस पर यकीन नहीं हो रहा था। मुझे पता है कि सीमित ओवरों में उसका हालिया प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसने इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में इतनी शानदार बल्लेबाजी की थी जितनी मैंने आज तक किसी को करते नहीं देखा था। मैं इससे आश्चर्यचकित हूं लेकिन यह भारतीय क्रिकेट में गहराई और खिलाड़ियों के विकल्प को दर्शाता है। उन्होंने उपकप्तान अक्षर पटेल की तारीफ करते हुए उन्हें टीम के लिए भरोसेमंद खिलाड़ी करार दिया। भारत और श्रीलंका में खेले जाने वाले इस विश्व कप का आगाज सात फरवरी से होगा।

# बिजली विभाग देगा अच्छा काम करने पर पुरस्कार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कंपनी कार्मिकों को पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है। कार्मिकों को हजारों रूपए का नकद पुरस्कार प्राप्त होगा। अनूप कुमार सिंह के आदेशानुसार योजना संबंधी दिशा निर्देश प्रसारित कर दिए गए है। योजना के अनुसार जोन, वितरण केंद्र प्रभारी को 10 हजार रुपए, संभाग प्रभारी कार्यपालन यंत्री को 45 हजार रुपए, वृत्त प्रभारी अधीक्षण अभियंता को 30 हजार रुपए, क्षेत्रीय मुख्य अभियंता रीजनल चीफ इंजीनियर को 15 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मानदेय के रूप में प्रदान की जाएगी।

# सिंधी समाजजन मनाएंगे लाललोई पर्व

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिंधी एवं सिख समाजजन 13 जनवरी को लाललोई (लोहडी) पर्व मनाएंगे। सार्वजनिक महोत्सव समिति जयरामपुर कालोनी के अनिल आगा ने बताया कि इस दिन मातृशक्तियां उपवास कर परिवार की खुशहाली की कामना करती है, लोई की विशेषता है कि इसमें लकडी का उपयोग कम कर गोबर के कंडों और घास की पिण्डियों का उपयोग किया जाता है, शाम को लोई सजाई जाएगी एवं रात को सभी लोग मिलकर पूजन करेंगे जिसके बाद कन्याओं और बच्चों द्वारा लोई को अग्नि दी जाएगी। अगले दिन 14 जनवरी को सिंधी समाजजन तिरअमुरी त्योहार मनाएगा जिसमें बहन और बेटियों को तिल-गुड के व्यंजन विशेष रूप से भेजे जाएंगे।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री सुशांत पिता असित बेरा** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.9000102531 पता 287 सुखदेव नगर एक्सटेंशन-2 इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# जय गिरनारी एकेडमी की शानदार जीत

**इन्दौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड स्पर्धा के अंतर्गत एक मैच जय गिरनारी एवं एसवीसीए के मध्य खेला गया जिसमें जय गिरनारी ने पहले खेलते हुए 49 ओवरो में सभी विकेट खोकर 217 रन बनाये । सचिन जांगिड ने 45 रन एवं समर्थ दुबे ने 48 रन व भुमेश मुजाल्दा ने 43 रनों का योगदान दिया । राहुल सिंह ने 3 विकेट एवं सौरभ, रिषभ व अंकित ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एसवीसीए की टीम 47 ओवरो में 147 रनों पर सिमट गई और यह मैच 43 रनों से हार गई । यश कौरव ने सर्वाधिक 49 रन बनाये । कपिल यादव ने 2 विकेट लिये ।





### सीसीआय की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच सीसीआय एवं स्टार क्लब के मध्य खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले खेलते हुए 26 ओवरो में सभी विकेट खोकर 100 रन बनाए । सार्थक ओझा ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। अर्पित पटेल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 16 रन देकर 6 विकेट लिये। रेहान खान व दिव्यांश ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में सीसीआय की टीम ने 13 ओवरो में बिना किसी नुकसान के 106 रन बनकर यह मैच 10 विकेट से शानदार तरिके से जीत लिया । अंश जाधव ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 37 गेंदों पर 7 चौके व 6 छक्के की सहायता से नाबाद 67 रन एवं संकल्प यादव ने नाबाद 31 रन बनाये।

### मां कनकेश्वरी क्लब की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमकेसीसी एवं इंदौर कोल्टस के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर कोल्टस ने पहल खेलते हुए 39 ओवरो में सभी विकेट चोकर 149 रन बनाये । सार्थक आचार्य ने सर्वाधिक 54 रनों का योगदान दिया। विशाल यादव ने 3 विकेट तथा विवेक तिवारी व अभिषेक मावीन ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एमकेसीसी की टीम ने 27 ओवरो में 6 विकेट खोकर 151 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। अभिषेक मावी ने सर्वाधिक 55 रनों का योगदान दिया। जयेन्द्र गुर्जर ने 3 विकेट लिये ।

## मेडी-कैप्स इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों को सफलता



**इंदौर।** इंडियन स्पोर्ट्स अकादमी तुलसीनगर, इंदौर में आयोजित सेपक टकरा व अस्मिता चैंपियनशिप लीग में मेडी-कैप्स इंटरनेशनल स्कूल की बालिकाओं ने सीनियर और जूनियर वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं सबजूनियर वर्ग में दूसरा स्थान मिला। स्कूल प्रधानाचार्या योगेश्वरी राठौर, खेल अधिकारी भावेश बुंदेला द्वारा टीम के कोच आशीष सेन, अंकुश कौशल और पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई दी। कोच के मार्गदर्शन और समर्थन ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय को गर्व है।



## ट्रैविस हेड का शतक ऑस्ट्रेलिया का पलटवार

**सिडनी।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे एशेज सीरीज के पांचवें टेस्ट मैच के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने तीसरे दिन के पहले सेशन में जोश टंग की गेंद पर कवर ड्राइव के जरिए चौका लगाते हुए 105 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

यह ट्रैविस हेड के टेस्ट करियर का 12वां शतक है। मौजूदा एशेज सीरीज में यह उनका तीसरा शतक है, जबकि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर यह उनका पहला टेस्ट शतक रहा। समाचार लिखे जाने तक ऑस्ट्रेलिया 4 विकेट पर 324 बना लिए थे। विकेट पर कप्तान स्वीन स्मिथ 43 और ख्वाजा 10 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके पहले ट्रैविस हेड लंच तुरंत बाद बैथल की गेंद पर पगबाधा हो गए। उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन बनाकर आउट हुए। इस पारी में उन्होंने 1 छक्का और 24 चौके लगाए। इंग्लैंड के गेंदबाजों को उन्होंने जमकर धूना। हेड को 121 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला। बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे ब्रायडन कार्स की गेंद पर विल जैक्स ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद हेड ने इंग्लैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाना जारी रखा। इससे पहले इंग्लैंड की पहली पारी 384 रन पर सिमट गई थी। इंग्लैंड की ओर से जो रूट ने 242 गेंदों में 160 रन की पारी खेली।

## अंतर अकादमी बैडमिंटन स्पर्धा




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी द्वारा आयोजित अंतर अकादमी बैडमिंटन स्पर्धा क़ा आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग वर्ग में कई प्रतिभागियों ने भाग लिया और विजय हासिल की। उक्त जानकारी धर्मेन्द्र यशलहा ने दी।

## खिलाड़ियों का थाईलैंड अंतराष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एलेट स्पोर्ट्स अकादमी के 9 खिलाड़ी अप्रैल में होने वाली वर्ल्ड कराते फेडरेशन की कराटे सुपर लीग में भाग लेंगे। यह स्पर्धा बैंकॉक में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ थाईलैंड के इनडोर स्टेडियम में थाइलैंड कराटे फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित की जावेगी। जिसके लिए राधिका पंचोले(कप्तान), माही धर्मेंद्र धारु, गार्गी भार्गव, सांवी अहिरवार, कुनिका तंवर, प्रियांशी बामनिया जूनियर वर्ग में काता एवं कुमिते में भाग लेंगे। वहीं रोहित कौशल, नितेश मेहता एवं प्रतीक श्रीवास कैडेट वर्ग में काता एवं कुमिते इवेंट में भाग लेंगे। जिसके लिए ये तकनीकी कौशल प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में होने वाले शिविर का भी हिस्सा रहेंगे।

## मप्र रोलबॉल टीम को रजत पदक



**इंदौर।** भारतीय रोल बॉल संघ एवं हरियाणा रोल बॉल संघ द्वारा छठवें फेडरेशन कप में फाइनल मुकाबले में मध्य प्रदेश पुरुष वर्ग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया । दीपेश गुरु वचन आदित्य तनवीर अंकित आदर्श आयुष शानदार प्रदर्शन किया मध्य प्रदेश रोलबॉल परिवार के सदस्य अर्जुन सिंह चौहान, प्रणव मंडल, राज चौधरी, ऋतिक मिश्रा, हेमन्त जोशी, अंकित खत्री ने बधाई दी।

# राजस्थान इलेवन जयपुर की रोमांचक जीत

**इन्दौर।** सेन्ट्रल जिमखाना क्लब की मेजबानी में आयोजित प्रकाश सोनकर व सुरेश ऐरन स्मृति अखिल भारतीय मोयरा गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा में राजस्थान इलेवन जयपुर ने रोचक अंदाज में इन्दौर की स्पोटिंग इलेवन को सड़नडेथ में 6-5 से पराजित किया। वहीं एक अन्य मुकाबले बिल्टअप क्लब रायसेन ने न्यू महू एकेडमी को 3-0 से मात दी।



नेहरू स्टेडियम के मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा में कल पहले मुकाबले में बिल्टअप क्लब रायसेन के समक्ष न्यू महू एकेडमी की चुनौती थी। पहले हाफ में दोनों टीमों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। दूसरे हाफ में रायसेन की टीम ने पुरी तरह से हावी हो गई। 50वें मिनट में अब्दुल तथा 55वें मिनट में दीपक ने सुन्दर मैदानी गोल दागे और रायसेन को बढ़त दिला दी। 70वें मिनट में अब्दुल ने एक ओर गोल करके अपनी टीम की जीत को 3-0 से सुनिश्चित कर दिया। इस हार से न्यू महू एकेडमी की चुनौती समाप्त हो गई।

दूसरा मैच राजस्थान इलेवन जयपुर व इन्दौर की स्पोटिंग यूनियन के मध्य जोरदार अंदाज में खेला गया। 25 वें मिनट में नीरज ने तीन खिलाड़ियों को छकाते हुए गोल दाग कर जयपुर को 1-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर तक यही स्कोर रहा। दूसरे हाफ में काफी उच्च स्तर का खेल देखने को मिला ओर स्पोटिंग यूनियन के लवलेश सिलावट ने 70 वें मिनट में गोल दाग कर मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक यही स्कोर रहा। नतीजे के लिए टाईब्रेकर का सहारा लेना पड़ा। टाईब्रेकर में भी दोनों टीमें 5-5 की बराबरी पर रूकी। अंततः सड़नडेथ में भाग्य जयपुर के पक्ष में रहा ओर उसने बाजी 6-5 से अपने नाम कर ली। इन्दौर की स्पोर्टिंग यूनियन की टीम की दाद देना होगी कि उन्होंने जयपुर की सशक्त टीम को अंतिम क्षणों तक चुनौती दी। विभिन्न मैचों के दौरान ग्रामीण रेंज के डीएसपी उमाकांत चौधरी, रमेश मूलचंदानी, संजय लुणावत, हुकुम सोनी, राजेन्द्र बडेरिया, भारत मथुरावाला व संदीप जैन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर राजेन्द्र बडेरिया, पिल्लू कौशल, गिरधर कांकाणी, मनोज काला, विष्णु बिंदल, के.के. गोयल, मोहन कप्तान, संजय विजयवर्गीय, अतुल अग्रवाल, कमल रघुवंशी, अशोक जैन, मनोहर मस्ताना, मुनीष सोनकर व पारस जैन मौजूद थे।

### आज खेले जाने वाले मुकाबले -

1. रेलवे स्पोर्ट्स जबलपुर वि एनएफए नीमच
2. हैदराबाद इलेवन वि आनंद इलेवन इन्दौर

# भोपाल को पुरूष तथा इंदौर को महिला टीम खिताब




**इन्दौर।** मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वाधान में आयोजित 68 वी. यु.टी.टी मध्य प्रदेश राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप की टीम स्पर्धाओं में इंदौर जिला ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10 में से 9 खिताब अपने नाम कयि। वही पुरुष टीम स्पर्धा के फायनल मुकाबले में भोपाल ए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंदौर ए को 3-1 से हराकर खिताबी सफलता अर्जित की।

अभय प्रशाल में आयोजित स्पर्धा में टीम वर्ग के फायनल मुकाबलों में पुरुष वर्ग में भोपाल के शिवम सोलंकी ने पंकज विश्वकर्मा को 3-1 से, ईमरान कुरैशी पराजीत विरूद्ध प्रथम बाथम 3-2, रितेश धाकड ने अंश गोयल को 3-0 से तथा शिवम ने प्रथम को 3-0 से हराकर जीत हासिल की। वही महिला वर्ग में इंदैर ए ने भोपाल ए को 3-1 से हराया। अनुषा कुटुम्बले ने मोमीता दास को 3-0 से, निवदीता गेहलोत पराजीत विरुद्ध परमी नागदेवे 3-1, भाग्यश्री दवे ने मनिषा सील को 3-1 से, अनुष कुटुम्बले ने परमी नागदेवे को 3-0 से हराकर महिला टीम वर्ग का खिताब जीता। टीम स्पर्धा के अन्य फायनल मुकाबलों में अंडर-19 आयु वर्ग में बालक वर्ग में इंदौर ए ने इंदौर बी को 3-1 से हराया। वही बालिका वर्ग में इंदौर बी ने इंदौर ए को 3-1 से हराया।

# देर रात सड़कों पर उतरी पुलिस, चौराहों के बजाय गलियों में लगाए 'सरप्राइज पॉइंट'

## दर्जनों शराबी और संदिग्ध धराए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।






शहर में अपराधियों और नशा कर वाहन चलाने वालों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने अपनी रणनीति बदल दी है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के निर्देशों पर कल रात शहर के सभी जोनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस बार पुलिस ने मुख्य चौराहों के बजाय उनसे कुछ दूरी पर 'सरप्राइज पॉइंट' लगाए, जिससे बचने की कोशिश कर रहे शराबी चालक और संदिग्ध सीधे पुलिस के जाल में फंस गए।

कल रात करीब 12:30 बजे शहर के पश्चिमी इलाके में पुलिस अधिकारियों ने गोपुर चौराहा से नर्मदा चौराहा के बीच रणनीतिक रूप से चेकिंग पॉइंट लगाए। अक्सर शराबी चालक मुख्य चौराहे पर पुलिस को देखकर गलियों में मुड़ जाते हैं, लेकिन इस बार पुलिस ने चौराहों से हटकर पॉइंट लगाए थे। इसका नतीजा यह रहा कि कई शराबी वाहन चालक और संदिग्ध बदमाश मौके से भाग नहीं पाए और रंगे हाथों पकड़े गए। पुलिस ने कई वाहन भी जब्त किए हैं।

### जोन-2 में पैदल मार्च और शैडो एरिया की निगरानी

इधर, जोन-2 में पुलिस ने परदेशीपुरा और एमआईजी क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों शैडो एरिया और हॉटस्पॉट में संयुक्त रूप से पैदल मार्च किया।इस दौरान एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह और एसीपी हिमानी मिश्रा,थाना प्रभारी परदेशीपुरा आर.डी. कानवा और एमआईजी थाना प्रभारी सी.बी. सिंह अपनी टीमों के साथ मैदान में रहे।

### आमजन से संवाद और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने कॉलोनियों में घूमकर स्थानीय लोगों से चर्चा की और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखते हुए कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 'थर्टी फर्स्ट' के बाद भी यह सख्ती नियमित रूप से जारी रहेगी ताकि कॉलोनियों और सड़कों पर देर रात तक घूमने वाले बदमाशों में खौफ बना रहे।

## कलयुगी बेटे की दरिंदगी

# गरम खाना नहीं परोसने पर मां को पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**चंदन नगर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ नशे में धुत एक युवक ने अपनी मां पर सिर्फ इसलिए जानलेवा हमला कर दिया क्योंकि उन्होंने खाना गरम करके नहीं दिया। आरोपी ने अपनी मां के सिर के बाल पकड़कर उन्हें नुकीले बांसों पर दे मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गईं।**

**बाल पकड़कर नुकीले बांस में दे मारा सिर**

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, घटना पानी की टंकी के पास की है। फरियादी ममता पचोले ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा शंकर पिता मोहन पचोले देर रात शराब के नशे में धुत होकर घर पहुँचा और खाना मांगने लगा। ममता ने उससे कहा कि खाना बना हुआ है, वह खुद लेकर खा ले। इसी बात पर शंकर भड़क गया और चिल्लाने लगा कि उसे गरम खाना चाहिए। जब मां ने खाना गरम करने से मना किया, तो आरोपी शंकर ने गालियां देते हुए उत्पात मचाना शुरू कर दिया। उसने ममता के सिर के बाल पकड़े और जान से मारने की नीयत से उन्हें झोपड़ी के उस हिस्से की ओर धक्का दिया जहाँ नुकीले बांस के डंडे लगे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बांस का तीखा हिस्सा महिला के सिर में घुस गया, जिससे गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा।ममता के शोर मचाने पर जब आसपास के पड़ोसी उनकी मदद के लिए दौड़े, तो आरोपी शंकर वहां से भाग निकला। भागते समय उसने मां को धमकी दी कि 'अगर आइंदा गरम खाना देने से मना किया, तो जान से खत्म कर दूंगा।'

## बंद कमरे में चल रहा था जुआ, पुलिस की आधी रात को दबिश, 8 आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। रावजी बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने देर रात एक बंद कमरे में छापा मारकर ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे आठ लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से नकदी और जुआ सामग्री बरामद की गई है। रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लुनियापुरा क्षेत्र में राजा चौहान के एक बंद कमरे में अवैध रूप से जुए की महफिल जमी है। सूचना की तस्दीक करने के बाद पुलिस टीम ने रात करीब 12:25 बजे अचानक वहां दबिश दी। पुलिस की घेराबंदी में मौके से जुआ खेल रहे आठ आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों की पहचान कुलदीप चौहान, राजा चौहान, मोहन, संतोष चौहान, प्रेम चौहान, गुलशन चौहान, राकेश चौहान और रोहित भास्कर के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से 2,010 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं।

## नो-पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने से रोकने पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी से भिड़े दम्पति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

सराफा थाना क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई कर रहे एक ट्रैफिक प्रधान आरक्षक के साथ अभद्रता और विवाद का मामला सामने आया है। इमामबाड़ा के सामने नो-पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने पर जब पुलिस ने चालान बनाना चाहा, तो आरोपी पति-पत्नी ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए जमकर हंगामा किया। सराफा पुलिस के मुताबिक, घटना इमामबाड़ा के सामने की है। फरियादी ट्रैफिक प्रधान आरक्षक हीरालाल गारी वहां ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान आरोपी विशाल भाटिया और उसकी पत्नी वर्षा भाटिया निवासी नगर निगम रोड ने अपनी गाड़ी नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़ी कर दी थी। जब प्रधान आरक्षक ने नियमों का हवाला देते हुए चालानी कार्रवाई शुरू की, तो पति-पत्नी भड़क गए।आरोपियों ने चालान कटवाने के बजाय पुलिसकर्मी के साथ विवाद करना शुरू कर दिया। आरोप है कि दोनों ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की और मौके पर हंगामा कर यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित करने की कोशिश की। प्रधान आरक्षक हीरालाल ने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों और सराफा थाने को दी।सराफा पुलिस ने प्रधान आरक्षक हीरालाल गारी की शिकायत पर आरोपी दम्पति के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## रेलवे स्टेशन पार्किंग को लेकर बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रेलवे पुलिस थाना ने रेलवे स्टेशन परिसर और बाहर दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग को लेकर यातायात प्रबंधन की बैठक आयोजित की। यातायात जाम ना हो और पार्किंग व्यवस्थित हो इसके लिए कर्मचारियों की नियमित ड्यूटी लगाने और गलत पार्किंग को रोकने के साथ ऑटो टैक्सी की भी व्यवस्था चाकचैबंद करने के निर्देश अधिकारी ज्योति शर्मा, प्रशांत पारकर, रश्मि पाटीदार, जीवनसिंह तंवर सहित अन्य की मौजूदगी में की गई।

# सौतेले पिता की गर्दन और सीने पर मारे चाकू

## शादी के कार्यक्रम में किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**परदेशीपुरा थाना इलाके में एक शादी समारोह के दौरान उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने अपने ही सौतेले पिता पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपी ने युवक के सीने और गर्दन पर जानलेवा वार किए और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया है।**

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक, वारदात शिवाजी नगर स्थित देवी अहिल्या परिसर राम मंदिर के पास में कल रात करीब 9:30 बजे हुई। घायल युवक राहुल पिता कैलाश वर्मा (35), निवासी शिवाजी नगर है वह एक शादी के रिसेप्शन में शामिल होने गया था। वहीं पर आरोपी जय उर्फ मिण्डी भी मौजूद था। राहुल को देखते ही जय गालियां देने लगा। जब राहुल ने विरोध किया, तो जय ने जेब से चाकू निकाला और जान से मारने की नीयत से राहुल की छाती और गर्दन पर कई वार कर दिए।एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के अनुसार, इस हमले के पीछे पारिवारिक रंजिश मुख्य वजह है। घायल राहुल ने साल 2020 में आरोपी जय की मां से (उसके पूर्व पति से तलाक होने के बाद) शादी कर ली थी। जय इसी बात को लेकर राहुल से नफरत करता था और रंजिश पाले हुए था। कल रात मौका मिलते ही उसने राहुल पर प्राणघातक हमला कर दिया।

चाकूबाजी की सूचना मिलते ही परदेशीपुरा थाना प्रभारी और उनकी टीम मौके पर पहुँची। गंभीर रूप से घायल राहुल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। वारदात के बाद भाग रहे आरोपी जय उर्फ मिण्डी को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।

## जिला कोर्ट में युवती का पीछा कर खींचे फोटो, फिर भाई और व्हाट्सएप ग्रुप में भेजे

**इंदौर।** जिला न्यायालय परिसर में एक युवती का पीछा कर उसकी मर्जी के बिना फोटो खींचने और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने थाने पहुँचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी अर्जुन पिता नारायण जोशी निवासी बंगाली चौराहा पिछले कुछ समय से उसका पीछा कर रहा है। घटना वाले दिन जब युवती किसी काम से जिला न्यायालय पहुँची, तो आरोपी वहां भी उसके पीछे-पीछे आ गया। पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध आरोपी ने कोर्ट परिसर में उसके फोटो खींच लिए।आरोपी की हरकत यहीं नहीं रुकी उसने युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए वे फोटो युवती के भाई को भेज दिए। इसके साथ ही आरोपी ने युवती के फोटो को अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप में भी वायरल कर दिया। इस घटना से पीड़िता अत्यधिक मानसिक पीड़ा में है और खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।